* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 48

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

बीते 9 साल में 16.9 करोड़ एलपीजी कनेक्शन बढ़े, संसद में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण








## सांसद धीरज साहू के रांची, लोहरदगा के अलावा ओड़िशा स्थित ठिकानों पर आइटी रेड जारी

# 300 करोड़ से अधिक नकद बरामदी का अनुमान

- नोटों की गिनती के लिए लायी गयी मशीन भी हो गयी फेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े तीन राज्यों के आधा दर्जन ठिकानों पर बुधवार से शुरू हुई आयकर की छापामारी जारी है। सूत्रों के मुताबिक ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद होने का अनुमान है। हालांकि अधिकारिक रूप से अभी राशि की पुष्टि नहीं की गयी है।

बुधवार को 50 करोड़ तक के नोटों की गिनती पूरी हो चुकी थी, लेकिन नोटों की संख्या इतनी अधिक है कि मशीनों ने काम करना बंद कर दिया। गुरुवार सुबह से ही गिनती चल रही है। अब तक लगभग 200 करोड़ रुपये की गिनती हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओड़िशा के संबलपुर के कुछ बैंक एकाउंट को भी सीज कर लिया गया है।





गौरतलब है कि बुधवार को आयकर की टीम पश्चिम बंगाल के कोलकाता और ओड़िशा के बौध, बलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर के ठिकानों के साथ ही झारखंड के रांची-लोहरदगा में छापेमारी की थी। इसमें आयकर विभाग की ओड़िशा की टीम शामिल थी। धीरज साहू के रांची और लोहरदगा आवास पर परिवार का कोई सदस्य नहीं मिला। कागजातों की जांच चल रही है। आयकर सूत्रों की मानें, तो यह पूरा मामला शराब कारोबार में टैक्स चोरी से जुड़ा हुआ है।

### ओड़िशा में है शराब का बड़ा कारोबार

धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर ओड़िशा में शराब का बड़ा कारोबार है। वहां की बौध डिस्टिलरी प्रालि से जुड़े बलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर डिस्टिलरी प्लांट में भी आयकर अधिकारी पहुंचे और कागजातों की जांच-पड़ताल की। बीडीपीएल का जहां-जहां डिस्टिलरी और बॉटलिंग प्लांट हैं, हर जगह विभाग के अधिकारी दस्तावेज खंगाल रहे हैं। इसके अलावा रांची और लोहरदगा आवास पर भी टीम पहुंची।

### रिश्तेदारों के नाम पर कई प्रतिष्ठान

धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर ओड़िशा में कई बड़े प्रतिष्ठान हैं। इनमें बलदेव साहू, इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, फ्लाई एश ब्रिक्स, क्वालिटी बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड, किशोर प्रसाद- विजय प्रसाद बिवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। क्वालिटी बॉटलर्स में विदेशी शराब की बॉटलिंग होती है। वहीं, किशोर प्रसाद-विजय प्रसाद बिवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड से विदेशी शराब की बिक्री की जाती है।

### आलमीरा में भरा मिला नोटों का बंडल

आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ बुधवार को छापेमारी शुरू की। सूत्रों के मुताबिक नोटों का बंडल आलमीरा में भड़ा हुआ था। नोटों का पांच-पांच सौ रुपये का बंडल बना था। कुछ बंडल 200 रुपये के नोट के भी थे। इनकी गिनती के लिए बैंक से मशीन को लाया गया। बुधवार रात मशीन खराब होने के कारण गिनती रोक दी गयी। फिर गुरुवार को दूसरी मशीन लायी गयी और गिनती शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक 200 करोड़ रुपये से अधिक नगद गिनती किये जा चुके थे। सूत्रों का कहना है कि यह राशि अभी और बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियों के सभी बैंक खाते सीज कर दिये गये हैं। अधिकारी कागजातों को खंगाल रहे हैं। छापा पूरा होने के बाद संबंधित लोगों से पूछताछ की जायेगी। उनके बयान दर्ज किये जायेंगे।

## व्यवसायी आरसी रूंगटा के ठिकानों पर आइटी सर्वे



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कारोबारी आरसी रूंगटा के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम गुरुवार को सर्वे करने पहुंची। आयकर विभाग की टीम ने सुबह रूंगटा के कारोबारी ठिकानों पर सर्वे शुरू किया। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग कथित टैक्स चोरी के मामले मे रूंगटा के के ठिकानों पर सर्वे कर रहा है। टीम आरसी रूंगटा के रामगढ़ स्थित तीन प्लांट और आवास सह कार्यालय में सर्वे कर रही है। रूंगटा की जिन तीन फैक्ट्रियों में सर्वे किया जा रहा है, उनमें एक बरकाकाना के हेहल में है, दूसरा अगरडा और तीसरा कुजू ओपी में है। रामगढ़ के पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित उनके आवास सह कार्यालय में भी आइटी की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम बिहार से आयी है, क्योंकि कई गाड़ियां बिहार के नंबर की हैं। सर्वे में क्या-क्या मिला, इस बारे में अभी तक अधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। खबर लिखे जाने तक सर्वे का काम जारी था। विभाग के अधिकारी कागजातों, कंप्यूटर आदि को खंगालने में लगे थे।

## न्यूज रील्स

### तेलंगाना में कांग्रेस की छह गारंटी पर रेड्डी की मुहर

हैदराबाद। कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाये गये हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किये। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गयीं छह गारंटियों की थीं। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया।

### दुष्यंत पर विधायकों की बाड़ेबंदी का आरोप

जयपुर। विधायकों को होटल में रुकवाने के मामले में किशनगंज विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा ने वसुंधरा राजे के बेटे और सांसद दुष्यंत सिंह पर बड़ा आरोप लगाया है। पूर्व विधायक हेमराज ने कहा कि मेरे बेटे और झालावाड़-बारां के विधायकों को सांसद दुष्यंत जयपुर लेकर आये थे। शाम को जब ललित घर नहीं लौटा, तो मैंने उससे बात की। उसने कहा कि मैं सीकर रोड पर एक रिसोर्ट में हूं। ये लोग मुझे यहां से नहीं आने दे रहे हैं।

## पंकज मिश्रा के आवास पर सीबीआइ का छापा

- काफी देर बाद खुला दरवाजा पत्नी से हुई पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज में अवैध खनन मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर सीबीआइ ने छापेमारी की। गुरुवार को सीबीआइ की पांच सदस्यीय टीम रांची से साहिबगंज पहुंची। जिरवाबाड़ी थाना से पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। अवैध खनन की सीबीआइ जांच रोकने के लिए पंकज मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पिछले दिनों खारिज कर दी गयी थी।

जानकारी के मुताबिक, जिस समय सीबीआइ की टीम पंकज मिश्रा के साहिबगंज स्थित आवास पर पहुंची, तो उस समय घर में पंकज मिश्रा की पत्नी थी। टीम के लोगों द्वारा काफी देर दरवाजा खटखटाया, तब किसी ने दरवाजा खोला। अधिकारियों के अंदर घुसते ही ताला लगा दिया गया। सीबीआइ टीम ने पंकज की पत्नी से भी पूछताछ की। गौरतलब है कि साहिबगंज अवैध मामले में सीबीआइ जांच के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्ट की अदालत ने सुनवाई की और हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अब अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। इस मामले में पंकज मिश्रा को पिछले साल जुलाई में गिरफ्तार किया गया था।

## कारोबारी अमित अग्रवाल को सीबीआइ ने रिमांड पर लिया

- पांच दिनों तक करेगी पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैश फॉर पीआइएल मामले में सीबीआइ ने अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। उसे पांच दिन की रिमांड पर लिया है। हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ ने अमित अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया था। अमित अग्रवाल ने झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता राजीव कुमार के द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में की थी। कोलकाता पुलिस ने अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख कैश के साथ 31 जुलाई को एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान से गिरफ्तार किया था।सीबीआइ की टीम ने राजीव कैश कार्ड में दर्ज प्राथमिक की जांच के दौरान अमित अग्रवाल से पूछताछ करने की जरूरत महसूस की। फिलहाल अमित अग्रवाल रांची इडी फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन खरीदने के आरोप में जेल में हैं। इस कारण सीबीआइ ने पूछताछ करने के रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था जिसे स्वीकार कर लिया। सीबीआइ ने गुरुवार को अमित अग्रवाल को रिमांड पर ले लिया और पांच दिनों तक उनसे पूछताछ करेगी।

उधर, लैंड स्कैम मामले में गुरुवार को अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी. त्को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में 18 दिसंबर को सुनवाई होगी।

## योजनाओं को प्रमुखता से लोगों तक पहुंचायेंगे: ख्यांग्ते

- 24वें मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएएस अधिकारी एल ख्यांग्ते ने गुरुवार को राज्य के 24वें मुख्य सचिव का पदभार संभाला। इस मौके पर कई विभागों के प्रमुख मौजूद थे। ख्यांग्ते ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विकास योजना आम लोगों तक पहुंचे, इस पर फोकस किया जायेगा। पदभार ग्रहण करने के बाद वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिले। मुख्यमंत्री ने उन्हें पद ग्रहण पर शुभकामनाएं दीं।



बताते चलें कि एल ख्यांग्ते 1988 बैच के अफसर हैं। वह 31 अक्तूबर 2024 को रिटायर होंगे। एल ख्यांग्ते ने करियर की शुरुआत एकीकृत बिहार के बक्सर जिले में डीएम के रूप में की थी। राज्य गठन के बाद वह झारखंड कैडर में चले आये।






## पूर्वी सिंहभूम में हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम

# अबुआ सरकार एयर कंडीशन कमरे से नहीं चल रही: हेमंत

- 348.10 करोड़ रुपये की 452 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास
- 02 लाख 26 हजार 85 लाभुकों के बीच 204.11 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार एयर कंडीशन कमरे से नहीं चल रही है। यह सरकार घर-घर पहुंच रही है। जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुन रही है। उसका समाधान कर रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित मानपुर पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक महाअभियान है, जिसके माध्यम से आपको पूरे मान-सम्मान के साथ आपका अधिकार देने सरकार आपके दरवाजे पर पहुंच रही है। आप अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ें और खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।



### सामाजिक सुरक्षा के साथ रोटी, कपड़ा और मकान

हेमंत सोरेन ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार हर गरीब और जरूरतमंद को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ पेंशन के तौर पर सामाजिक सुरक्षा दे रही है। उन्होंने हरा राशन कार्ड, सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना, अबुआ आवास योजना, यूनिवर्सल पेंशन स्कीम आदि का जिक्र किया। उन्होंने युवाओं के रोजगार, सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी, स्वरोजगार के लिए राशि, बच्चों की शिक्षा, स्कॉलशिप आदि का जिक्र करते हुए सरकार द्वरा शुरू की गयी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

**अधिकारी आपके दरवाजे पर आ रहे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों के दौरान अधिकारी और जनता के बीच की दूरी कुछ ऐसी थी कि ग्रामीणों को अधिकारी से मिलने के लिए उनके दफ्तर का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। आज स्थितियां बदल चुकी है। अब अधिकारी बड़ा हो या छोटा, वे आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आपकी दुःख-तकलीफों को दूर करने के साथ आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं।

**शिविरों में उत्सव जैसा माहौल:** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी पंचायतों में कार्यक्रम के तहत शिविर लग रहे हैं। इन शिविरों को लेकर ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बड़ी संख्या में वे इन शिविरों में आ रहे हैं। योजनाओं की जानकारी लेने के साथ उससे जुड़ रहे हैं। सभी शिविरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों, जरूरतमंदों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की सरकार है। इनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार सभी वर्ग और तबके के जरूरत को ध्यान में रखकर न सिर्फ योजनाएं बना रही है बल्कि उसे धरातल पर भी उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की बहुसंख्यक आबादी गांवों में रहती है और गांव की अर्थव्यवस्था किसानों -मजदूरों के इर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्योंकि, जब हमारा गांव मजबूत होगा, तभी राज्य भी सशक्त बनेगा।

### 20 वर्षों तक किसी ने राज्य की चिंता नहीं की

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का पहला चरण वर्ष 2021 और दूसरा चरण वर्ष 2022 में आयोजित हुआ था। इन दोनों चरणों में लगभग 80 लाख आवेदन मिले थे। इन आवेदनों का जब आकलन किया गया तो हकीकत सामने आयी। हमें पता चला कि कैसे यहां की जनता विभिन्न समस्याओं और परेशानियों से जूझ रही है। यह इस बात का संकेत देता है कि पिछले 20 वर्षों में किसी भी सरकार को ना तो राज्य की चिंता रही और ना ही यहां के लोगों की।

### कई विकास योजनाओं का दिया तोहफा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 348.10 करोड़ रुपये की 452 योजनाओं की सौगात पूर्वी सिंहभूम को दी। इसके अलावा 2 लाख 26 हजार 85 लाभुकों के बीच 204.11 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी। कार्यक्रम में मंत्री चम्पाई सोरेन व सत्यानंद भोक्ता, विधायक रामदास सोरेन, समीर कुमार मोहंती, संजीव सरदार व मंगल कालिंदी के अलावा अन्य गणमान्य लोग और अधिकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



# अविभाजित भारत का तीसरा टुकड़ा है पाक अधिकृत कश्मीर

## ■ गृह मंत्री अमित शाह ने ताजा कर दिया है 1947 में लगे इस घाव का दर्द

## ■ यह भारत के ऐसे भूभाग की कहानी है, जिसे हर भारतीय को जानना चाहिए

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर जो बयान दिया है, उससे राजनीतिक तापमान तो बढ़ ही गया है, साथ ही भारत को 1947 में मिले घाव का दर्द भी ताजा हो गया है। वास्तव में पीओके अविभाजित भारत का तीसरा टुकड़ा है, जो उस समय के हुक्मरानों के कारण भारत से अलग कर दिया गया था। हालांकि उसके बाद से ही पीओके को लेकर अंतरराष्ट्रीय और कूटनीतिक मंचों पर भारत अपना पक्ष मजबूती से रखता रहा है, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से हरेक भारतीय को यह लगने लगा है कि अब पीओके को भारत का हिस्सा बन जाना चाहिए। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि पाकिस्तान ने कश्मीर पर अवैध कब्जा कर रखा है। वह भारत का हिस्सा था और अब हरेक भारतीय को भरोसा है कि वह भारत का हिस्सा होकर रहेगा। अब तो पीओके के लोग भी देख रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर में लोग अब कितनी शांति से जीवन जी रहे हैं। पाकिस्तान के कब्जे में रह रहे पीओके के लोग जिस तकलीफ से गुजर रहे हैं, उसे देखते हुए वहां के लोग जल्द ही भारत के साथ मिलने की मांग उठाने लगे हैं। पीओके भारत के सीने का ऐसा जख्म है, जिस पर मरहम लगाना तो जरूरी है ही, साथ ही हरेक भारतीय के लिए भी इसका इतिहास, भूगोल और दूसरे पहलुओं को जानना भी जरूरी है। क्या है पीओके की कहानी और क्या है इसका पूरा सच, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



भारत में जब से नरेंद्र मोदी की सरकार आयी है, तभी से पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर को पुनः भारत में मिलाने की कवायद शुरू होने की संभावना समय-समय पर व्यक्त की जाती रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बुधवार को पीओके के मुद्दे पर पंडित जवाहरलाल नेहरू की गलतियों को रेखांकित कर इस मुद्दे पर सियासी विवाद पैदा कर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि शाह के बयान के बाद हर भारतीय का वह घाव एक बार फिर ताजा हो गया है, जो 1947 में तत्कालीन हुक्मरानों ने दिया था। धारा 370 हटाने के पूर्व भारत सरकार ने पाक अधिकृत कश्मीर का नाम बदल कर पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर कर दिया था और इसके एक हिस्से को लद्दाख का हिस्सा माना गया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर राज्य विधानसभा में पीओके के लिए 24 सीटें और संसद में सात सीटें रिजर्व रखी हैं।

### इतिहास के उतार-चढ़ाव

भारत के विभाजन और पाकिस्तान के अलग देश बनने के पहले जम्मू और कश्मीर डोगरा रियासत थी और इसके महाराजा हरिसिंह थे। इसमें संपूर्ण लद्दाख भी शामिल था। अगस्त 1947 में पाकिस्तान बना और करीब दो महीने बाद करीब 2.06 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली जम्मू और कश्मीर की रियासत भी बंट गयी। कहा यह जाता रहा है कि महाराजा हरिसिंह के देरी से लिये गये निर्णय और जवाहरलाल नेहरू के संयुक्त राष्ट्र में जाने से जम्मू और कश्मीर बंट गया। हालांकि इसकी और भी वजहें हो सकती हैं।

### गिलगित-बाल्टिस्तान का किस्सा

आज जिसे जम्मू और कश्मीर कहा जाता है, उसे जम्मू, कश्मीर और लद्दाख कहना चाहिए था। यह संपूर्ण क्षेत्र महाराजा हरिसिंह की रियासत का हिस्सा था। इसी में गिलगित-बाल्टिस्तान का एक बहुत बड़ा हिस्सा है। 1947 में विभाजन के समय यह क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की तरह न तो भारत का हिस्सा था और न ही पाकिस्तान का। 1935 में ब्रिटेन ने इस हिस्से को गिलगित एजेंसी को 60 साल के लिए लीज पर दिया था, लेकिन इस लीज को 1 अगस्त 1947 को रद्द करके क्षेत्र को जम्मू एवं कश्मीर के महाराजा हरिसिंह को लौटा दिया गया। कहते हैं कि गिलगित-बाल्टिस्तान मिलने के बाद महाराजा हरिसिंह को स्थानीय कमांडर कर्नल मिर्जा हसन खान के विद्रोह का सामना करना पड़ा। खान ने 2 नवंबर 1947 को गिलगित-बाल्टिस्तान की आजादी का ऐलान कर दिया। हालांकि इससे दो दिन पहले 31 अक्टूबर को हरिसिंह ने रियासत के भारत में विलय को मंजूरी दे दी थी। इसके साथ ही यह भारत का अभिन्न हिस्सा बन गया था। इसके 21 दिन बाद पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के साथ मिल कर हमला किया और इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। कब्जे में गिलगित-बाल्टिस्तान के अलावा जम्मू का हिस्सा भी शामिल था। इस संपूर्ण भू-भाग को पाकिस्तान 'आजाद कश्मीर' कहने लगा, जबकि भारत इसे 'गुलाम कश्मीर' मानता है। इसे सिर्फ 'कश्मीर' कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इसमें जम्मू के भी हिस्से हैं।

### इस तरह पाकिस्तान ने किये पीओके के टुकड़े-टुकड़े

फिर 1962 में भारत का जब चीन से युद्ध हुआ, तो चीन ने लद्दाख के कुछ हिस्से पर अपना कब्जा कर लिया, जिसे आज अक्साई चिन कहते हैं। हालांकि कुछ इसे गिलगित-बाल्टिस्तान का ही हिस्सा मानते हैं। फिर मार्च 1963 में पाकिस्तान ने पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान वाले हिस्से में से एक इलाका चीन को गिफ्ट कर दिया। यह इलाका 19 सौ वर्ग मील से कुछ ज्यादा था। चीन को गिफ्ट देने के बाद पाकिस्तान ने 2009 में बचे हुए पीओके के दो टुकड़े कर दिये। एक का नाम गिलगित-बाल्टिस्तान रहा, तो दूसरे का नाम 'आजाद कश्मीर'। यह 'आजाद कश्मीर' दरअसल जम्मू का ही एक हिस्सा है। गिफ्टेड चीन, अक्साई चिन, गिलगित-बाल्टिस्तान और भारत प्रशासित कश्मीर के बीच एक हिस्सा है, जिसे सियाचिन ग्लेशियर कहते हैं। उस पर भारत का ही अधिकार है। वह भी कश्मीर का ही एक हिस्सा है।

इसका मतलब यह है कि पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान दो क्षेत्र हो गये। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के पास अनुमानित 5134 वर्ग मील, यानी करीब 13 हजार 296 वर्ग किलोमीटर इलाका है। मुजफ्फराबाद इसकी राजधानी है और इसमें 10 जिले हैं। वहीं गिलगित बाल्टिस्तान में 28 हजार 174 वर्ग मील, यानी करीब 72 हजार 970 वर्ग किलोमीटर इलाका है। गिलगित-बाल्टिस्तान में भी 10 जिले हैं। इसकी राजधानी गिलगित है। इन दोनों इलाकों की कुल आबादी 60 लाख के करीब बतायी जाती है। मतलब यह कि गिलगित-बाल्टिस्तान पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर का 85 प्रतिशत इलाका है।

### गिलगित-बाल्टिस्तान को पाकिस्तानी प्रांत बनाने की साजिश

गिलगित-बाल्टिस्तान को 2009 से पहले नॉर्दर्न एरिया कहा जाता था, लेकिन अब दोनों क्षेत्रों की अपनी-अपनी विधानसभाएं हैं और तकनीकी रूप से वे पाकिस्तान संघ का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन हकीकत यह है कि दोनों क्षेत्रों में पाक सरकार और सेना का ही शासन चलता है, जिससे लोग तंग आ चुके हैं। ऐसा कहा जाता है कि पीओके या आजाद कश्मीर सुन्नी बहुल है, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान की आबादी शिया बाहुल्य है।

वर्ष 2009 के आदेश के बाद पाकिस्तान गिलगित-बाल्टिस्तान आदेश, 2018 लेकर आया, जिसके तहत पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहिद खाकन अब्बासी ने 21 मई को एक आदेश जारी कर इलाके की स्थानीय परिषद के अहम अधिकारों को खत्म कर दिया। इन अधिकारों से परिषद स्थानीय मामलों पर फैसला लेती थी। इस फैसले को पाक सरकार की ओर से गिलगित-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बनाने की दिशा में अहम कदम माना गया, जिसका भारत ने विरोध किया था।

फिर 2009 गिलगित बाल्टिस्तान को पाकिस्तान ने अलग स्टेटस दिया। वहां पर शुरू में जम्हूरियत नहीं थी। 2009 में उन्हें पहला सेटअप देकर कहा कि इसे हम सूबाई हैसियत देते हैं। जब इसे पाक अधिकृत कश्मीर से अलग किया गया था, तो भारत में इसको लेकर को हो-हल्ला नहीं हुआ, जिस तरह कि पाकिस्तान में लद्दाख को अलग किये जाने का हो-हल्ला हो रहा है। पाकिस्तान ने इस गिलगित-बाल्टिस्तान को अपना पांचवां प्रांत घोषित कर दिया है, लेकिन भारत में इसको लेकर कोई विरोध नहीं देखा गया।

### पाकिस्तान ने कर रखा है अवैध कब्जा

संयुक्त राष्ट्र के दो रेगुलेशन 1948 और 1949 के अनुसार इस इलाके पर किसी का अधिकार तब तक साबित नहीं होता, जब तक कि वहां पर से पाकिस्तानी सेना हटती नहीं है और वहां पर जनमत संग्रह नहीं होता है। हालांकि अब वहां जनमत संग्रह का कोई मतलब नहीं, क्योंकि 1947 के बाद से पाकिस्तान ने वहां की डेमोग्राफी बदल दी है। दूसरा 1972 के शिमला का भी पाकिस्तान ने यहां उल्लंघन करके उसे पाकिस्तान का एक अलग प्रांत बनाने का कार्य किया। अप्रैल 1949 तक गिलगित-बाल्टिस्तान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का हिस्सा माना जाता था, लेकिन 28 अप्रैल 1949 को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सरकार के साथ एक समझौता हुआ, जिसके तहत गिलगित के मामलों को सीधे पाकिस्तान की संघीय सरकार के मातहत कर दिया गया। इस बाबत ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन की ओर से ब्रिटिश संसद में पेश प्रस्ताव में कहा गया कि पाकिस्तान ने गिलगित-बाल्टिस्तान पर अवैध कब्जा कर रखा है। यह क्षेत्र उसका है ही नहीं। इससे पहले भारत भी कह चुका है कि पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान का कब्जा अवैध है और उसे खाली करना ही होगा।

### गिलगित-बाल्टिस्तान की बदली डेमोग्राफी

पाकिस्तान ने गिलगित-बाल्टिस्तान से कश्मीरियों को लगभग बाहर खदेड़ दिया है। गिलगित बाल्टिस्तान में 1947-48 में बहुसंख्यक आबादी कश्मीरी शिया थी, लेकिन धीरे-धीरे वहां पर उन्हें अल्पसंख्यक कर दिया गया। खासकर सूफी और शियाओं के लिए यह जगह अब नर्क बन गयी है। ऐसा कर-के पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को हल करने के सारे रास्ते खुद ही बंद कर लिये हैं। साथ ही उसने जो कश्मीरियों को 'आजाद कश्मीर' का सपना दिखाया था, वह भी अब झूठा साबित हुआ है। मतलब यह कि उसने पीओके और भारतीय कश्मीरियों की जिंदगी बर्बाद कर दी है। गिलगित-बाल्तिस्तान की डेमोग्राफी में बदलाव की कोशिश को स्टेट ऑब्जेक्ट ऑर्डिनेंस का उल्लंघन माना गया, लेकिन इस पर कोई एक्शन नहीं हुआ।

### चीन की चाल और पाकिस्तानी दमन चक्र

गिलगित-बाल्टिस्तान का जो खेल खेला गया, उसके पीछे चीन की चाल है। चीन इस क्षेत्र में एक गलियारा बना चुका है, जिसे वह ग्वादर पोर्ट से जोड़ेगा। इसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीइसी) कहा जाता है। इससे सिर्फ चीन को ही फायदा होगा। चीन नहीं चाहता था कि एक विवादित क्षेत्र में वह सीपेक बनाये, इसलिए पाकिस्तान ने उसे अपना पांचवां प्रांत बना कर चीन को खुश किया। पाकिस्तान अब चीन के कर्ज में डूब गया है। यहां पर जब भी लोग चीन की गतिविधियों का विरोध करते हैं, तो पाकिस्तानी सेना उसे कुचल देती है। उन पर आतंकवादरोधी कानून लगाया जाता है। चीन के प्रोजेक्ट को सुरक्षा देने के लिए इस इलाके में चीन के 24 हजार सैनिकों की भी तैनाती है। बाल्टिस्तान में सितंबर 2009 से पाकिस्तान के साथ एक समझौते के तहत चीन एक बड़ी ऊर्जा परियोजना लगा रहा है, गलियारा बना रहा है और बड़े पैमाने पर यहां के प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग कर रहा है।

### सुंदर और सामरिक महत्व का क्षेत्र

सिंधु नदी को अपने दामन में समेटे गिलगित-बाल्टिस्तान में बेहद खूबसूरत ऊंची पर्वत चोटियां हैं। यह काराकोरम की छोटी-बड़ी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। काराकोरम क्षेत्र में ही हिंदूकुश और तिरिच मीर नाम वाले दो ऊंचे पर्वत भी हैं। गिलगित घाटी में सुंदर झरनों और फूलों की सुंदर घाटियां भी हैं। इसके उत्तर में चीन और अफगानिस्तान, पश्चिम में पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और पूर्व में भारत का कश्मीर है, जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध स्थल सियाचिन शामिल है। अपनी इसी भौगोलिक बनावट की वजह से यह इलाका भारत, चीन और पाकिस्तान, तीनों के लिए सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

### कांग्रेस को आत्ममंथन की ही नहीं, पश्चाताप की भी जरूरत

पीओके के मुद्दे पर कांग्रेस को न केवल आत्ममंथन करना चाहिए, बल्कि उसे 1947 में की गयी गलती के लिए पश्चाताप भी करना चाहिए। आज कांग्रेस की तत्कालीन सरकार के कारण पाकिस्तान की सेना और आइएसआइ पीओके को आतंकवादी कैंपों के तौर पर इस्तेमाल करती है और भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की रणनीति बनाती रहती है। भारत के संसाधनों का बड़ा हिस्सा इसी इलाके पर खर्च हो रहा है।

# भाजपा ने लोकसभा-विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार की रणनीति

- प्रदेश के नेताओं को मिलेगी प्रमंडलवार कमान
- सभी वर्ग के वोटरों को साधने की कवायद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रमंडल वार रणनीति तैयार की है। हर प्रमंडल के लिए जातीय और सामाजिक समीकरण के हिसाब से कार्यक्रम तय किये गये हैं। झारखंड में भाजपा का मुख्य रूप से आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा और महिला वोटरों पर है। अपने कार्यक्रमों के जरिये पार्टी इन सभी वर्गों को साधने की कोशिश कर रही है। पार्टी के सभी बड़े नेताओं को प्रमंडलों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से मिलने, उनके घर भोजन करने और बैठकें कर संगठन को मजबूत करने का टास्क दिया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अगस्त से अक्टूबर महीने तक संकल्प यात्रा निकाली और राज्य के सभी 81 विधानसभा सीटों में घूम कर गांवों में प्रवास किया। अब एक बार फिर वह संथाल में आदिवासी अधिकार रैली कर रहे हैं। इसके बाद वह कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का रुख करेंगे। वहीं पलामू और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में बाबूलाल मरांडी के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का प्रवास चल रहा है। विधायक दल के नेता अमर बाउरी भी सभी प्रमंडलों में प्रवास करेंगे। तीन **प्रमंडलों में जातिगत समीकरण के हिसाब से बनी रणनीति :** पलामू प्रमंडल में दलित और पिछड़ों के अलावा ब्राह्मण, राजपूत वोटरों की संख्या काफी है। इनके वोट निर्णायक होते हैं। जातीय समीकरण के हिसाब से यहां अमर बाउरी, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नागेंद्र त्रिपाठी और कर्मवीर सिंह मोर्चा संभालेंगे। प्रदेश प्रभारी और महामंत्रियों का पलामू प्रमंडल में कई बार प्रवास भी हो चुका है। वहीं दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की अधिकांश सीटें अनारक्षित हैं। इनमें सभी जाति, वर्ग के नेताओं का प्रतिनिधित्व है। इस वजह से भाजपा पांच शीर्ष नेताओं के अलावा प्रदेश पदाधिकारियों को भी जातीय समीकरण को देखते हुए जिम्मेदारी सौंपेगी।

राजनीति हलचल



### संथाल और कोल्हान पर पार्टी का फोकस

सभी नेताओं को सबसे पहले हारी हुई और उसके बाद कमजोर लोकसभा और विधानसभा सीटों पर फोकस करना है। इसके तहत बाबूलाल मरांडी ने सबसे पहले संथाल परगना को चुना है। आदिवासी बहुत संथाल परगना झामुमो का गढ़ माना जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यहां की तीन में दो सीटों पर कमल खिलाया था, लेकिन उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा 18 विधानसभा सीटों में से सिर्फ 4 सीटों पर चुनाव जीत सकी। 2024 से पहले आदिवासी वोटरों को साधने के लिए बाबूलाल यहां खूब पसीना बहा रहे हैं। इसके बाद बाबूलाल मरांडी कोल्हान प्रमंडल में पसीना बहायेंगे, जहां की 14 में से 14 विधानसभा सीटों पर 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। दो लोकसभा सीटों में से एक सीट भी भाजपा खोनी पड़ी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 18.4 °c | 15.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



## हेमंत सरकार कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी

# जेनरल छात्रों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति

**किसानों को धान खरीद पर 117 रुपये का अतिरिक्त बोनस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें सामान्य वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति देने, किसानों को धान खरीद पर 117 रुपये का अतिरिक्त बोनस देने समेत कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र को 15 दिसंबर से आहूत करने की मंजूरी दी गयी। बैठक में सरकारी स्कूल में पढ़नेवाले सामान्य वर्ग के छात्रों को भी एसटी-एससी, ओबीसी के छात्रों के बराबर छात्रवृत्ति देने की मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए संशोधन को भी स्वीकृति दी गयी। इसके तहत एसटी-एससी के बच्चों के बराबर ही सामान्य वर्ग के बच्चों को भी 4500 रुपये की छात्रवृति दी जायेगी। कक्षा एक से पांच के छात्रों को 500 रुपये और कक्षा छह से आठ के छात्रों को 600 रुपये छात्रवृत्ति दी जायेगी। कैबिनेट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक में अध्ययनरत सभी कोटि के छात्रों को निःशुल्क कॉपी उपलब्ध करायी जाती है। इसके लिए अधिकतम 120 पृष्ठों के लिए 30 रुपये तक प्रावधान किया जायेगा। 9 लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा।

कैबिनेट में 280 नव उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय में योजना मद में सृजित पदों को गैर योजना मद में सृजित किया गया।

1353 नवसृजित माध्यमिक स्कूल का पद परिवर्तित किया गया। कैबिनेट में धनवार और डोमचांच शहरी जालापूर्ति की योजना की मंजूरी दी गयी। स्वास्थ्य पदाधिकारी देवी के रजनी देवी को सेवा से बर्खास्त किया गया। वह लंबे समय से अनुपस्थित थीं। इसके अलावा 180 मदरसा और 11 और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय की शिक्षकों और कर्मियों को पुरानी पेंशन मिलेगी। इसका विकल्प दिया जायेगा। इसमें 39 करोड़ रुपये का व्यय होगा। किसानों को धान खरीद पर 117 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जायेगा। इस साल 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान का भुगतान होगा।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- 'झारखंड मत्स्य प्रक्षेत्र मात्स्यिकी तकनीकी सहायक (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त्त) नियमावली-2023 की मंजूरी
- डोमचांच शहरी जलापूर्ति परियोजना के लिए 9227.88 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- देवघर जिलान्तर्गत सारवां पालाजोरी भाया रायकुंड महापुर पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 140.38 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- झारखंड राज्य धान अधिप्राप्ति योजना की स्वीकृति। किसानों को ससमय भुगतान के लिए 1000 करोड़ की अधिसीमा तक बैंकों से ऋण प्राप्त करने की मंजूरी।
- झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना की स्वीकृति से संबंधित विभागीय संकल्प संख्या-2413, दिनांक 15.09.2020 में संशोधन की मंजूरी।
- डॉ तुनूल हेंब्रोम, तत्कालीन सिविल सर्जन, गढ़वा संप्रति सेवानिवृत्त द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत।
- रामगढ़ क्लस्टर अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन के लिए 633.67 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी।
- राज्य की नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 के निर्धारण की स्वीकृति।
- मेदिनीनगर नगर निगम अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन के लिए 266.70 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी।
- पथ प्रमंडल, हजारीबाग अंतर्गत महतो-अहरा-रामपुर-बसरिया-चौपारण पथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार के लिए 25.63 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी।
- गिरिडीह सोलर सिटी योजना के प्रथम पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 106.57 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
- पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत डोरवा-पांता-दुगुनिया-रॉगो-नंदपुर पथ का पुनर्निर्माण कार्य के लिए 51.87 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी।
- मनोहरपुर अंतर्गत महादेवशाल- कुमडी पथ के पुनर्निर्माण कार्य के लिए 25 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
NRRI
भाकृअनुप ICAR

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. 35/SRF/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **''दक्षिणी एशियाई कृषि में जलवायु अनुकूलन का एटलस (एसीएएसए)''** (ईएपी-415) परियोजना के लिए एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **21.12.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on **21.12.2023** for selection of **One (01) Senior Research Fellow (SRF)** under the scheme **"Atlas of Climate Adaptation in South Asian Agriculture (ACASA)" (EAP-415)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The Details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in **NRRI website https://icar-nrri.in**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
ई-निविदा संख्या: एसएण्डटी-सी-डीएचएन-16
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके के लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेन्द्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा संख्या : एसएण्डटी-सी-डीएचएन-16, कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में कोडरमा-महेशमुंडा खंड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ कोडरमा टाउन और नवाडीह स्टेशन पर सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन (इनडोर और आउटडोर) की पुनर्स्थापन कार्य। अनुमानित लागत : ₹5,74,32,230.26, अमानत राशि : ₹4,37,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIL, कार्य निस्पादित करने का समय : 06 महीना, ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 27.12.2023 को 12:00 बजे तक।
विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/ निर्माण/पूमरे/धनबाद
पीआर/01809/सीडीएचएन/एस एण्ड टी/टी/23-24/32

## 13 दिसंबर को नाला में सीएम हेमंत सोरेन

### योजनाओं की सौगात, परिसंपत्तियों का करेंगे वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को नाला में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में डीसी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। मौके पर डीसी ने कहा कि 13 दिसंबर को नाला प्रखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित आगमन और आपकी योजना, आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्ति का वितरण किया जाना है।

डीसी ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ, ग्रामीण कार्य विभाग, सिंचाई प्रमंडल, लघु सिंचाई, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, विद्युत, एनआरईपी सहित अन्य सभी विभागों, कार्यालयों के अंतर्गत योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों के वितरण को लेकर बारी-बारी से समीक्षा की। साथ ही इसकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर अस्थायी हेलीपैड स्थल का चयन, कार्यक्रम के लिए पंडाल, कुर्सी, विद्युत, साउंड सिस्टम, बैनर-होर्डिंग, प्रचार-प्रसार, यातायात, मेडिकल, अग्निशमन, सुरक्षा, विधि-व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विमर्श किया। मौके पर डीएफओ बंकर अजिंक्य देवीदास, डीडीसी अनिलसन लकड़ा, एसडीओ अनंत कुमार, डीटीओ अजय तिर्की, जिला पंचायत राज पदाधिकारी ओम प्रकाश मंडल, डीएसओ कीर्ति बाला लकड़ा, डीइओ डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक राम सहित अन्य उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
सिंगरौली स्टेशन पर त्वरित पानी भरने की व्यवस्था की स्थापना
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "सिंगल पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है।
(i) बिड संख्या एवं दिनांक: e-tender Notice No. MC-05-Open-2023-24 दिनांक 05/12/2023 (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सिंगरौली स्टेशन पर त्वरित पानी भरने की व्यवस्था की स्थापना। कार्य समापन अवधि : 12 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : रु. 2,29,79,260.28 (दो करोड़ उनतीस लाख उनासी हजार दो सौ साठ रुपये एवं अट्ठाईस पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : रु. 2,64,900.00 (दो लाख चौसठ हजार नौ सौ रुपये) मात्र। (v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 26/12/2023 को 17:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 27/12/023 को 12:30 बजे, (vi) वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेलवे/धनबाद
पीआर/01816/डीएचएन/यॉ०/टी/23-24/36

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | सुख-दुःख की समानता, अनावश्यक चिन्तन की वृद्धि,स्वास्थ्य संबंधी कष्ट। |
| वृष | इच्छित कार्य में सफलता,सत्ता-संगठन में महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे |
| मिथुन | सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति,सेहत अच्छा रहेगा। |
| कर्क | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन से लाभ मिलेगा। |
| सिंह | सामाजिक-धार्मिक कार्यों की योजना फलीभूत होगी,नौकरी मे लापरवाही से परेशानी हो सकता है। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति,कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता,आवश्यक कार्य पूरा होगा। |
| तुला | नई लाभप्रद योजनाओं में रूचि, व्यापार रोजी,रोजगार में उन्नति, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| वृश्चिक | कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान,पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि,संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति होगी। |
| धनु | कुछ जरूरी काम-काज के प्रसंग उत्साहित होंगे.प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क से विशेष लाभ। |
| मकर | नयी योजनाएं बनेगी,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,धन-द्रव्य का लाभ होगा। |
| कुंभ | विविध कार्यों में परेशानी,विरोधियों स्वजनों से कष्ट होगा,कठिन परिश्रम से लाभ। |
| मीन | दैनिक समस्याओं का समाधान, विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे, आर्थिक स्थिति में सुधार। |

## बाबूलाल मरांडी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल

# झारखंड का केंद्र पर किस समय का और किस मद में बकाया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र पर झारखंड के बकाये के संबंध में सीएम हेमंत सोरेन से सवाल पूछा है। साथ ही कहा है कि सीएम पैसे के मामले में केवल राजनीतिक बयानबाजी करते हैं। संथालपरगना में दूसरे चरण की आदिवासी अधिकार मोटरसाइकिल रैली की समाप्ति के बाद दुमका में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीएम जनता को विस्तार से बतायें कि आखिर किस समय का, किस मद में कितना बकाया केंद्र के पास झारखंड का है। केवल बयान देकर लोगों को भ्रमित नहीं करें।



इडी द्वारा सीएम को समन के सवाल पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इडी अपना काम कर रही है। अगर मुख्यमंत्री ने कोई गड़बड़ी नहीं की है, तो वे क्यों घबरा रहे हैं। जांच रुकवाने के लिए क्यों कभी हाइकोर्ट, कभी सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इतनी बेनामी संपत्ति अर्जित की है कि उनके पास उसका उत्तर नहीं है। जो गड़बड़ी करेगा, उसे सजा मिलेगी ही।

**भाजपा सभी वर्ग के विकास के लिए समर्पित**

**बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के लिए समर्पित है। इसके कारण देश का जनजाति समाज अब बढ़-चढ़ कर भाजपा के साथ खड़ा हो गया है। छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में अधिकांश आदिवासी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत इसका ताजा उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी ने आजादी के 50-60 वर्षों तक जनजाति समाज को मुख्यधारा से काट कर रखा। बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा, लेकिन आज सभी सुविधाएं आदिवासी समाज तक पहुंच रही हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट भाजपा जीतेगी। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनेगी।**

**भाजपा ही करेगी आदिवासी समाज का विकास :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज को पूरा विश्वास हो चुका है कि भाजपा ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित, समर्पित है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की नीति और नीयत, आदिवासियों के लिए स्पष्ट है। भाजपा सरकार तेजी से जनजाति समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य के सपनों को साकार किया। सड़क, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नल से जल, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं जनजाति समाज के घरों तक पहुंच रही हैं। एकलव्य विद्यालयों से बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन हो रहा है।

## असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति मामले में हाइकोर्ट ने जेपीएससी से मांगा जवाब




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं किये जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कार्यशैली पर हैरानी भी जाहिर की। इस संबंध में विजय मिंज ने रिट याचिका दाखिल की है। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में सुनवाई हुई। दरअसल, जेपीएससी ने वर्ष 2015 में असिस्टेंट इंजीनियर के 35 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद कई अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा था, लेकिन विज्ञापन जारी करने और फॉर्म लेने के बाद जेपीएससी ने नियुक्ति प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं की। प्रार्थी विजय मिंज की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने पक्ष रखा। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी से हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी के बाद हड़कंप मच गया। सुबह-सुबह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में दल-बल के साथ छापेमारी की। रांची जिला प्रशासन की टीम सुबह पांच बजे कारागार पहुंच गयी थी। टीम ने आठ बजे तक छापेमारी की। इस दौरान बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के एक-एक सेल और अस्पताल की गहन जांच की गयी। हालांकि, तीन घंटे तक चली छापेमारी में कारागार में किसी भी तरह का कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। छापामारी दल में डीडीसी दिनेश यादव के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, संजय प्रसाद, साधना जयपुरियार, संजय कुमार, स्मृति कुमारी समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

## विस नियुक्ति घोटाले की सुनवाई जनवरी में

**रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और विधानसभा के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि आगामी विधानसभा सत्र में जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट पेश की जायेगी। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई जनवरी के दूसरे सप्ताह में करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है।**

## गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील पासवान के मामले में सुनवाई पूरी

**रांची। गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मेंटिबिलिटी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। हाइकोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की। कोर्ट को बताया गया कि गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार ने इनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया था। प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि इनके पिता वर्ष 1982- 83 में सरकारी सेवा पर रहते हुए सचिव, व्यापार मंडल गिरिडीह के पद पर थे। प्रार्थी की शिक्षा और लालन-पालन गिरिडीह में ही हुआ है। इस दौरान गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया था। इन्होंने मुखिया का चुनाव सहित कुछ अन्य जनप्रतिनिधि का इलेक्शन लड़ा था, लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल नहीं उठाया गया था। मेयर का चुनाव लड़ने के बाद जाति प्रमाण पत्र सवाल उठाया गया।**

## आजाद सिपाही खबर का असर : इधर ट्रांसफारमर लगा, उधर एफआइआर का निर्देश

# दर्ज होगा एफआइआर युवती को मिलेगा न्याय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका के मसानजोर की रहनेवाली दुष्कर्म पीड़िता आदिवासी युवती को अब न्याय मिलेगा। रांची पुलिस ने सोनाहातू थाना प्रभारी को गुरुवार को एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। बताते चलें कि पिछले एक माह से पीड़िता कभी दुमका, तो कभी रांची के थानों में एफआइआर दर्ज कराने के लिए भटक रही थी। गुरुवार को आजाद सिपाही में इस संबंध में 'एफआइआर के लिए भटक रही आदिवासी युवती' शीर्षक से एक खबर प्रकाशित की गयी थी। इसे भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट किया था। इसके बाद रांची पुलिस के अधिकारी ने सोनाहातू थाना प्रभारी को एफआइआर दर्ज करने का निर्देश दिया।




# गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर बच्चे घर में कर सकेंगे पढ़ाई

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही में 7 नवम्बर को प्रकाशित खबर खुले आसमान में बैठ कर पढ़ने को मजबूर है छात्र शीर्षक से छपे खबर के उपरांत प्रशासन हरकत में आया और 7 नवम्बर दिन गुरुवार को ही विधुत विभाग गुमला द्वारा लुंगटु गांव को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया।जानकारी अनुसार एक से दो दिन में गांव में विधुत आपूर्ति बहाल हो जायेगी जिससे अब होनहार छात्र अपने अपने घरों में महफूज रहकर पढ़ाई कर सकेंगे। मालूम हो कि लुंगटु गांव में विगत लगभग 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब था और इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों विभागीय पदाधिकारियों को होने के वावजूद






गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा से आजाद सिपाही सवांददाता को अवगत कराया जिसके बाद इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के दिन ही ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया।

गांव के जागरूक युवा सह समाजसेवी संतोषः तिर्की ने कॉल कर आजाद सिपाही अखबार को धन्यवाद देते हुए बताया कि हम सभी गांव के लोग काफी खुश है और आज विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर देने हेतु विभाग द्वारा अनेकों बार कॉल कर हम ग्रामीणों को बुलाकर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। विभागीय अभियंता ने भी कॉल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने संबधी जानकारी स्थानीय सवांददाता को दिया गया साथ ही जिस सोलर लाइट के नीचे बच्चे पढ़ते है उसकी भी जानकारी प्राप्त की गयी।

## बीएसएनएल के जीएम से की मुलाकात

# लातेहार के सुदूर क्षेत्रों को नेटवर्क से जोड़ें : प्रतुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची स्थित बीएसएनएल के मुख्यालय जाकर महाप्रबंधक यूपी शाह से मुलाकात की और आग्रह किया कि लातेहार जैसे उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में बीएसएनल की सेवा का विस्तार होना चाहिए।

प्रतुल शाहदेव ने जीएम को लातेहार के बारियातू, बरवाडीह, बालूमाथ, चंदवा , गारू, हेरहंज, मनिका और सरजू ब्लॉक के 50 ग्रामीण और जंगली इलाकों की सूची सौंपी, जहां टावर लगाने की आवश्यकता है। श्री शाह ने प्रतुल शाहदेव को आश्वासन दिया कि लातेहार उनकी प्राथमिकता की सूची में है और बीएसएनएल के नेटवर्क को फैलाने के लिए विस्तार की योजना बना रहे हैं।

प्रतुल शाहदेव ने आग्रह किया कि वह जिले के अधिकारियों के माध्यम से पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों से भी जुड़ें, ताकि केंद्र सरकार के भविष्य की योजनाओं को बताने का मौका मिले। महाप्रबंधक ने लातेहार में टावर के लोकेशन पर चर्चा की। प्रतुल शाहदेव ने आशा व्यक्त की है कि अब केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत लातेहार में भी आनेवाले समय में कनेक्टिविटी का प्रॉब्लम नहीं होगा।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों को मिला गोल्ड मेडल



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** द पाठशाला रांची द्वारा आयोजित स्पेक्ट्रम स्क्रीनिंग टेस्ट में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला है। इन छात्रों को गोल्ड मेडल के साथ-साथ नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट भी दिया गया है। छात्रों में वर्ग से नवम प्रिंस कुमार, शदान कायनात व यश सिंह जबकि कक्षा 10 वीं से आदित्य राज, प्रिंस कुमार राणा और अमन राज तरुण के नाम शामिल हैं। सभी छात्रों को गोल्ड मेडल तथा नगद पुरष्कार से सम्मानित किया गया। वर्ग नवम से टॉप 15 छात्रों और वर्ग दशम से टॉप 30 छात्रों को सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। यह जानकारी प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे हर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर स्कूल के एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार और द पाठशाला रांची के कन्हैया चौधरी विशेष रूप से मौजूद थे।

## तमाय पंचायत के विहिप अध्यक्ष बने देवनारायण




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तमाय पंचायत अंतर्गत ग्राम चुटियारों श्री देवी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बहादुर कुमार व संचालन देवनारायण साव ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष देवनारायण साव, उपाध्यक्ष नीरज कुमार यादव उर्फ विक्की, मंत्री उमेश यादव, बजरंग दल संयोजक गुलाब साव, सत्संग प्रमुख लखन साव, मातृशक्ति प्रमुख मीना साव, दुर्गा वाहिनी संयोजिका गुलबी देवी, सदस्य शंकर यादव, राजेंद्र राणा, महेंद्र साव, अरविंद रजक, विवेक राणा, राजू यादव, शंभू ठाकुर को बनाया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने तमाय पंचायत निवासी गजाधर राणा को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेश पांडेय ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। पंचायत और गांव के प्रत्येक मंदिरों और प्रत्येक घरों को दीपावली की तरह दीप प्रज्वलित कर राम उत्सव को मनाना है। मौके पर चंदन किशोर पांडेय, नागेश्वर साव, कारू पासवान, हीरालाल साव, सावित्री देवी, भीम साव, संतोष यादव, कुलदीप शर्मा, राजकुमार यादव, मित्तलाल साव, रामचंद्र साव, गणेश कुमार साव, कृष्ण कुमार यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चार छात्र छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में प्रेरणा स्टडी सेंटर कंद्रपडीह के चार छात्रों में झारखंड मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना परीक्षा में सफलता हासिल कर स्टडी सेंटर का मान बढ़ाया है। सफल छात्रों में प्रिंस मंडल पिता दामोदर मंडल, विजय साव पिता बहादुर साव, आनंद मंडल पिता सुरेंद्र मंडल, राहुल कुमार पिता मनोज साव के नाम शामिल हैं। संस्थान के निदेशक मनजीत कुमार, शिक्षक छोटन कुमार, संजीत कुमार, अनिल कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ग्रिजली कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में आइक्यूएसी के तत्वावधान में फाइन आर्ट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करके किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजीत कुमार ने कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन प्रवीण कुमार जायसवाल, निदेशक, कला किरण, हजारीबाग का परिचय कराया। तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन प्रवीण कुमार जायसवाल ने कला की विविध विधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने कहा कि प्रशिक्षुगण को निश्चित तौर पर इस कार्यशला से जो सीखने का अवसर मिला उसको अपने जीवन में उपयोग कर लाभ लेंगे। साथ ही युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में बीएड प्रशिक्षु सोनाली सिंह, अनामिका, नेहा, नूतन, पूजा, निराला, खुशबू, शमा परवीन, सीमा जोजो, रिंकी, निशा कुमारी, सोनू आदि और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा, खुशबू कुमारी सिन्हा, मनीष कुमार, सीताराम यादव आदि उपस्थित थे।

## बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हो रहे बिना मौसम बारिश से लोग परेशान हैं। पशु, पक्षी भी मुश्किल में हैं। मनुष्य तो दुबके रहे घर में मुख्य परेशानी पशु-पक्षियों की बढ़ी है। चक्रवाती तूफान के कारण राज्य कई जिले में हो रहे लगातार बारिश के कारण सतगावां के लोगों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। सबसे बड़ा परेशानी छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की है। सुबह से ही बाजार में सन्नाटा दिखा। लगातार बारिश से किसानों को भी नुकसान हुआ है। जैसे आलू, धान, गेहूं, मटर, चना ऐसे कई फसल में नुकसान देखने को मिला। किसानों का कहना है कि उपजा हुआ भी फसल बर्बाद हो रहा हैं। शाम ढलते ही ठिठुरन बढ़ गयी है जिससे लोग घर में ही दुबके रहते है। बढ़ते ठंड के कारण जहां तहां अलाव की व्यवस्था कर के गर्मी महसूस करते हैं।

## पूर्व विधायक रानी डे के निधन पर शोक

**रांची/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग की पूर्व विधायक रानी डे के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। कहा कि स्व रानी डे ने आपातकाल में कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। वे आपातकाल में जेल भी गयी। 1977 में वे जनता पार्टी से हजारीबाग की विधायक बनी। मरांडी ने स्व डे की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि भगवान उनकी आत्मा को चरणों में स्थान दें, तथा परिजन को धैर्य एवम साहस प्रदान करें। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने स्व डे की आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य शामिल हैं।

# बारिश के बावजूद शिविर में 5811 आवेदन आये

**जिले के 08 स्थानों पर लगा शिविर, अबतक 87161 आवेदन हुए प्राप्त**

### अब तक 21179 आवेदनों का ऑन द स्पॉट किया जा चुका निवारण



**अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 87161 आवेदन प्राप्त किये गये हैं, जिनमें 21179 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 178 आवेदन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 50759 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 2687, सर्वजन पेंशन के 2212 आवेदन आये।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार को आम जनता का बढ़िया समर्थन मिल रहा है। मौसम में हुए बदलाव के बावजूद पंचायतों में लगाये जा रहे शिविरों में अच्छी संख्या में ग्रामीण जुट रहे हैं। वहीं इन शिविरों में आनेवालों में बड़ी संख्या महिलाओं, युवाओं व विद्यार्थियों की भी है। आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 7 दिसंबर को भी शिविर लगाये गये, जिनमें इचाक के परासी, बरकट्ठा प्रखंड के कोनहराखुर्द, बरही प्रखंड के बसरिया पंचमाधव, बड़कागांव प्रखंड के डाड़ीकला, केरेडारी के चट्टी बारियातू, कटकमसांडी प्रखंड के रोमी, सदर हजारीबाग प्रखंड के बड़ासी, चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया। शिविरों में आमजनों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभुक बनाया गया।

## विनोद कुमार को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कैपिटल विश्वविद्यालय झुमरीतिलैया से विनोद कुमार अवस्थी पिता स्वर्गीय अशोक अवस्थी व माता श्रीमती आशा देवी, देवघर वार्ड नंबर 24 थाना देवघर, जिला देवघर ने शिक्षाशास्त्र विषय शिक्षा संकाय में आयोजित डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया गया। उन्होंने शोध शीर्षक झारखंड के कोडरमा जिले के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की विज्ञान विषयगत उपलब्धि और संवेगात्मक बुद्धि का अध्ययन शोध निर्देशिका डॉक्टर आशावती वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया। इन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता, सहसंगिनी एकता पांडे, पुत्री आराध्या कुमारी और चाचाजी संजय अवस्थी और परिजनों को दिया है।

## सिमरिया पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड के सिमरिया पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में दिनभर हुए रिमझिम बारिश के बाद भी लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग छाता लेकर शिविर में पहुंचे। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाये गये। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए रिमझिम बारीश के बाद भी आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास व धोती साड़ी लुंगी वितरण में था। इस मौके पर बीपीओ व मुखिया सुनीता देवी ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। लोगों से अपील की कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें।

## जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया गया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** इचाक मोड़ में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान के उद्देश्य के साथ एक दिवसीय विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन महिला मुक्ति संस्था के द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए देवयानी वर्मा ने कहा कि आज महिलाओं, लड़कियों, ट्रांसजेंडर, विकलांग के साथ घर के अन्दर, घर के बाहर व्यवहार कई प्रकार से भेद-भाव किया जाता है। यौन हिंसा की शुरूआत घर से होती है जिसका विरोध हम सभी नहीं कर पाते हैं। चुप्पी साधने की सिख भी हमें घर से मिलती है। किसी भी हिंसा का विरोध हमें घर से कम उम्र में सिखलाने की जरुरत है, जिससे लड़कियों को विरोध करने की क्षमता बढ़ेगी। इचाक पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेनू देवी ने कहा की भेद-भाव को दूर करने में महिला मुक्ति संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिससे आज किशोरियां और महिलाऐं खेल-कूद, पढ़ाई और आर्थिक उपार्जन करने के क्षेत्र में आगे निकल रही हैं। मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा की आधी आबादी के लिए काम करने की बात सभी करते हैं पर आवाज उठाने के समय चुप्पी साध लेते हैं, महिला के मुद्दे पर महिलाओं से अधिक आज पुरुष को आगे आने की जरूरत है। कार्यशाला में गर्भ समापन कानून के माध्यम से मिलने वाली सुविधा पर लीला कुमारी, सुषमा कुमारी, मोना कुमारी ने चर्चा किया।कार्यशाला में बाल कल्याण समिति हजारीबाग की परामर्श दाता कुसुम कुमारी और सदस्य कविता सिन्हा ने बाल कल्याण समिति के द्वारा दी जा रही सुविधा पर चर्चा की। कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था की मोना कुमारी, अनीता देवी, बबिता देवी, शांता सांगा, पार्वती देवी, रिंकी देवी, प्रियंका कुमारी, पूनम देवी रोहित कुमार, प्रेमा कुजूर, ज्योति सिन्हा ने मुख्य भूमिका निभाई संचालन डौली खातून ने किया और धन्यवाद ज्ञापन ज्योत्सना वर्मा ने किया।

## बारिश से किसानों की आस पर पानी फिरा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। बंगाल की खाड़ी से उठा मिचोंग का असर दिखने लगा है। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से किसानों की आस पर पानी फिर गया है। प्रखंड के किसान बड़ी मेहनत से थोड़ी बहुत धान की फसल तैयार किये थे उस धान की फसल को किसान खेतों से काटकर खलिहान में रखे थे। वह धान की फसल पूरी तरह भीग रही है। बे मौसम बारिश से प्रखंड के किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान अभी भी खलिहान में रखे धान को तिरपाल, प्लास्टिक से ढककर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। मालूम हो कि इस वर्ष भी सही समय पर बारिश नही होने के कारण प्रखण्ड के कुछ किसान जहां तहां से पानी की व्यस्था कर कर्ज लेकर जैसे तैसे मशीन से पटवन कर धान की फसल उपजाए थे। बे मौसम बारिश से धान की फसल खराब होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें ला दी है।**

## कोडरमा में आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी के बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने 10 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान फसल राहत योजना के पंजीकृत सभी किसानों के बैंक खाते में राशि भेजने, सभी थाना प्रभारी के मनमाने और तानाशाही रवैये पर लगाम लगाने तथा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मुख्यमंत्री से मांग की। इसके साथ ही जयनगर में नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल में नामांकन व अध्ययन कार्य शुरू कराने, कोडरमा सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने की बात भी कही।**

## टेहरो पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

**सतगावां(आजाद सिपाही)। प्रखंड के टेहरो पंचायत के पुराना पंचायत भवन में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बीपीओ राहुल कुमार, एमओ विजय शंकर, मुखिया सदानंद यादव ने बताया कि सरकार के जितने भी महत्वाकांक्षी योजना है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके घर तक पहुंचा है। मौके पर पंचायत समिति रणधीर कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, पशु चिकित्सा पदाधिकारी रविकांत कुमार, प्रखण्ड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय, पंचायत सचिव बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार, प्रेम दास, शिव कुमार ठाकुर, मंजूर आलम विजय कुमार उपस्थित थे।**

# बरही में बढ़ रही है चोरी की घटनाएं अपराधी सक्रिय पुलिस निष्क्रिय

**जानवर गाड़ी, कोयला गाड़ी, बालू गाड़ी पर गस्ती टीम की रहती है टकटकी निगाहें**

प्रभाकर पाठक

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही के साथ साथ पूरे बरही थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। कुछ महीना पूर्व करियातपुर के एक मोबाइल दुकान में चोरों ने चोरी कर लाखों रुपये का सामान साफ कर दिया। बरसोत में एटीएम को उखाड़ कर ले भागे थे साथ ही सवारी वाहन को भी साथ ले गये थे। कुछ दिन बाद सवारी वाहन को लावारिस हालत में पाया गया लेकिन एटीएम चोर आज भी पुलिस पकड़ से बाहर है। एटीएम चोरी के दो दिन बाद एक घर से चार बकरे बकरी तक को नहीं छोड़ा और उसे भी ले गये। धनतेरस के एक दिन पहले एक घर में चोरी के नियत से घर में घुसा और मोटरसाइकिल को निकाल रहा था घर के लोग सजग थे जिसके कारण जान बचाकर चोर को खाली हाथ भागना पड़ा। इसी के दो दिन बाद एक मकान जो महीनों से बंद था, उस घर को निशाना बनाया और आराम से चोरी कर चलते बने जब मकान मालिक छठ पूजा में घर की साफ सफाई करने आया तब तक घर का सारा सामान ही साफ हो गया था। बुधवार रात को जहां से एटीएम चोरी हुआ था वहां से मात्र पचास गज की दूरी पर बरसोत चौंक में विनोद केशरी के घर के बाहर चैन से बंधा मारुति वैन को चोरों ने बाहर निकालकर सड़क पर ले गया। संयोग से उसी वक्त गांव के दो युवक तिलैया से लौट रहे थे गाड़ी को संदिग्ध हालत में देख दोनो युवक को संदेह हुआ तो दोनो युवक गाड़ी के समीप जाने लगे। दोनो युवक को अपने करीब आता देख चोर जान बचाकर भागने में ही अक्लमंदी समझा और भागने में सफल भी हो गया। इस तरह की घटनाएं रोज बढ़ रही है। पुलिस रात्रि गस्ती करती है परंतु उसे खानापूरी ही कहा जा सकता है। गस्ती कर रही पुलिस की निगाहें चोरों पर नहीं रह कर जानवर गाड़ी, कोयले से ओवर लोड ट्रक, बालू गाड़ी आदि पर रहती है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी को संज्ञान में लेना होगा कि जो गस्ती टीम रात में गस्ती करते हैं वो अपना जवाबदेही समझते हैं या सिर्फ ड्यूटी निभाते हैं। गस्ती टीम की निष्क्रियता से अपराधी बेलगाम हो गये हैं।

## मिचोंग चक्रवात से जन जीवन अस्त-व्यस्त



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड में मिचोंग चक्रवात का असर से लोगो का दो दिनों से जनजीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। लोगों का घरों से निकलना दुभर हो गया है। सड़कों पर इक्के दुक्के वाहन दिख रहे हैं। लगातार हो रही तेज बारिश से ठंड काफी बढ़ गई है। खरीब व रवि फसल को लेकर अटकलों का बाजार काफी गर्म है। किसानों ने बारिश से खेतो में लगी फसल को नुकसान होने की बात पर लगातार चर्चा कर रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि चक्रवात का असर शुक्रवार तक रहने की संभावना है। धान की फसल खलियानों में है, जिसे इस बारिश से बचाने की जरूरत है। किसान खलियान में रखे धान को बचाने के लिए बाजारों से तिरपाल खरीद रहे हैं। इस संबंध में किसान मनोज पासवान ने कहा कि लगातार हो रही बारिश से हमारी मुश्किलें बढ़ती जा रही है खेतों में धान के फसल काट कर रखे हुए हैं और खलियान में पड़ा हुआ है। दूसरी ओर खेतो में टमाटर आलू और बैगन के फसल को भी नुकसान पहुंचा है। हम किसान कर्ज लेकर खेतों में फसल उगाते हैं। पर बेमौसम बरसात ने हमेशा मेरे साथ बेमानी की है।

## केरेडारी में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चट्टी बरियातू पंचायत स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम जनता की समस्याओं को लिखित रूप से लेकर समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सुनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, सीओ रामरतन बर्णवाल, मुखिया झरीलाल महतो व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत दिप प्रज्वल्लित कर की गयी। इस कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद 24 लोगों को वृद्धा पेंशन स्वीकृत किया गया। 5 महिलाओं को विधवा पेंशन, 3 लोगों को दिव्यंग पेंशन, राशन कार्ड 7, रोजगार सृजन 15, जॉब कार्ड 32 व 100 लोगों को साडी धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिडिओ अमित कुमार ने कहा की राज्य सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार आम जनता की समस्याओं को ऑन द स्पॉट समाधान कर रही है। इस कार्यक्रम का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है, मौके पर बीपीओ सुमन कुमार, रवि राजा सहित प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मी व सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच बांटे स्वेटर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सांढ़ के पंचायत हरिजन मोहल्ला आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वेटर वितरण बच्चों के बीच किया गया। इस दौरान वार्ड सदस्य पूनम देवी ने आंगनबाड़ी में संचालित योजनाओं व बच्चों के पढ़ाई लिखाई का विशेष रूप से जायजा लिया तथा बच्चों की भरण पोषण रख रखाव और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया। मौके पर वार्ड सदस्य पूनम देवी, सेविका आरती देवी, सावित्री देवी, पुतुल देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, चेती देवी सहित अन्य लोगों उपस्थित है।

## डिवाइन के राजेश ने लहराया परचम



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार ने 37वें सब जूनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कियो तीन दिवसीय सब जूनियर नेशनल ताइक्वांडो का आयोजन देहरादून में हुआ। झारखंड राज्य का प्रतिनिधत्व डिवाइन पब्लिक स्कूल के राजेश कुमार ने की। उन्होंने अपने श्रेणी मे रजत पदक जीत कर अपने विद्यालय और राज्य का नाम रौशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर इंद्रदेव प्रसाद भारती ने सभी छात्र-छात्राओं को खेल और खेल भावना को आगे बढ़ाने और विद्यालय में अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिताओं को कराने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या स्वाति रंजन ने कहा कि विद्यालय से अधिक से अधिक खिलाड़ी तैयार कर नेशनल और इंटरनेशनल लेवल तक पहुंचाना लक्ष्य तय करें। डायरेक्टर और प्रधानाचार्या ने संयुक्त रूप से राजेश को शुभकामनाये देते हुए कहा की वे इसी प्रकार अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखायेंगे।

## ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के शाकरी मोहल्ला पूर्वी पंचायत ईद गाह रोड के ग्रामीण पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने गुरुवार को बिजली कार्यालय बरही में जेई अभिषेक आनंद से मुलाकात कर बिजली समस्या से अवगत कराया। समस्या को बताते हुए गांव के सदर शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा के पिछले कई दिनों से हम लोग बिजली समस्या से जूझ रहे है बार-बार ट्रांसफार्मर में तकनीकी गड़बड़ी हो जाती है जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न होता है। वही गांव के सेक्रेट्री शोएब अख्तर ने कहा कि अभी वर्तमान में हमलोगों का 100केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है और हमारे गांव में 100 से अधिक घर हैं जिससे ओवर लोडिंग की समस्या बनी रहती है। जिससे आये दिन बिजली कि समस्या से जूझना पड़ता है। मौके पर शाकरी मोहल्ला पूर्वी पंचायत सदर शहाबुद्दीन अंसारी, सेक्रेटी शोएब अख्तर, नकीबे आला रियाजुल हक, वार्ड सदस्य आफताब आलम, इसराफिल, इब्राहिम, मो अरशद, कलीम उर्फ कल्लू, मो इलियास, जफीरूल हसन बज्मी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एसपी के निर्देश पर अधिवक्ताओं के पास पहुंचे डीएसपी, बोले सबकुछ अनजाने में हुआ

# मुख्यालय डीएसपी और अधिवक्ता विवाद का पटाक्षेप, मिले गले

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा और अधिवक्ता भैरव ठाकुर के बीच उभरे विवाद का पटाक्षेप गुरुवार को हो गया। एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी अधिवक्ताओं के पास पहुंचकर सबकुछ का निपटारा कर लिया। इस दौरान मुख्यालय डीएसपी ने अधिवक्ता को गले लगाकर विवाद का पटाक्षेप कर दिया। एक दूसरे ने अनजाने में हुई अपनी अपनी गलतियों को माना और भविष्य में दुबारा नहीं होने का वचन दिया। जिसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने डीएसपी के सरल स्वभाव का सराहना किया। साथ ही भविष्य में एक दूसरे के साथ मिलकर रहने की बात कही।

**क्या है घटनाक्रमः** जानकारी के अनुसार नित्यदिन की तरह बुधवार को भी कोर्ट का काम निपटाने सुबह 11:30 बजे पहुंचे। इसी दौरान अपना वाहन को व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार के सामने सड़क के किनारे पार्क कर रहे थे। इसी बीच मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा अपने कार्यालय जा रहे थे। तभी वाहन पार्क कर रहे अधिवक्ता भैरव ठाकुर के पास आकर रुके और सड़क गाड़ी खड़ा करने की बात बोलकर उनसे उलझ गये। जिसके बाद दोनों के बीच बात बढ़ गई और दोनों के बीच तूतू मैं मैं हो गई। जिसके बाद अधिवक्ता ने डीएसपी पर दुर्व्यवहार करने का आरोपी लगाते हुए ज़िला अधिवक्ता संघ से शिकायत कर मामले की जानकारी रामगढ़ एसपी को दिया। इधर अधिवक्ता के साथ हुए दुर्व्यवहार के कारण अधिवक्ताओं का पारा गरम हो गया और पीड़ित के साथ व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार के सामने सड़क को जाम कर दिया। साथ ही पुलिस प्रशासन और मुख्यालय डीएसपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी था।

**कौन कौन थे बैठक में मौजूदः** बैठक में रामगढ़ लोक अभियोजक परमानंद यादव, अपर लोक अभियोजक आलोक कुमार, थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, सीताराम महतो, झलकदेव महतो, हरखनाथ महतो, धनंजय यादव, मोईन आरफी, द्वारिका प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, शंभूनाथ प्रसाद, राजेंद्र महतो, नौशाद अहमद, चंद्रिका सिंह, आशुतोष कुमार, महेंद्र महतो, टिकेंद्र महतो, अरविंद गुप्ता, भैरव ठाकुर, ओम चंद नारायण, कमलेश कुमार, बीबी जाहिदा खातून, मिन्नू कुमारी, मंजूरी चाकी, ज्योति कुमारी, तेजेंद्र महतो, ऋषि महतो, सुबोध पांडे, शंकर, अतुल रंजन, धीरेश महतो, सुरेश प्रसाद महतो, मुनेश्वर महतो, कृष्ण कन्हाई सहित अन्य उपस्थित थे।

### क्या हुआ दूसरे दिन

इधर तय रणनीति के तहत अधिवक्ताओं ने घटना के दूसरे दिन एसपी पीयूष पांडेय को आवेदन देकर मामले हस्तक्षेप करने की मांग की। जिसके बाद बार हॉल में एक बैठक रखी गयी। जिसमें सरकारी वकील के अलावा सभी अधिवक्ता शामिल हुए। इसी दौरान एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी बार हॉल में जुटे सभी अधिवक्ता के पास पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने घटित घटना की पूरी कहानी बताई और विवाद को यन्ही समाप्त करने का आग्रह किया। जिसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने भी विवाद को निपटारा का मन बना लिया। इसी बीच मुख्यालय डीएसपी ने अधिवक्ता भैरव ठाकुर को गला लगाकर दूरियां को पाट दिया। दोनों ने अपनी गलतियों को अनजाने में होने की बात कही। लेकिन भविष्य में ऐसा दुबारा नहीं होने का वचन दिया।

## किड्स प्लेनेट स्कूल में मना ऑरेंज दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल, दिगवार में ऑरेंज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने कविताएं और नृत्य की प्रस्तुति किया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने ऑरेंज रंग के पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे। मौके पर स्कूल के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया की इस ऑरेंज दिवस का आयोजन बच्चों को रंगों के महत्व को समझाने के उद्देश्य से किया गया। मौके पर स्कूल की कक्षाओं और गैलरी को नारंगी रंग की वस्तुएं जैसे को गुब्बारे, रिबन और खिलौनों के साथ सजाया गया। साथ ही, बच्चों से हैंड प्रिंटिंग तथा बच्चों से कई गतिविधियां कार्रवाई गयी। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रोजी परवीन, शिक्षिका निक्की सिंह, विधि शुक्ला, श्रेया शर्मा, जया मिश्रा, प्रीति कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## सहायक मंडल अभियंता के साथ पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन की हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** सहायक मंडलअभियंता बरकाकाना के साथ पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन पतरातू के पदाधिकारियों की बैठक वरीय अनुभाग अभियंता कार्यालय में हुई। बैठक में रेलवे कर्मचारियों के आवासों की स्थिति, सड़क, पानी, बिजली, कॉलोनी की साफ सफाई, उनके तथा उनके परिवारों की सुरक्षा, उनके प्रोम्शन को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक के बाद सहायक अभियंता ने आरवीएनएल द्वारा निर्मित कॉलोनियों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि हेंदीगीर और टोकीसुद में भी अतिशीघ्र आरवीएनएल निर्मित क्वार्टरों का आवंटन प्रक्रिया शुरू किया जायेगा। इस मोके पर सहायक मंडल अभियंता बरकाकाना परमानंद प्रसाद, पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन 1 के शाखा सचिव आरएनचौधरी, एस. के. श्रीवास्तव, वरीय अनुभाग अभियंता एससी तिवारी, वरीय अनुभाग अभियंता विनय कुमार, वरीय अनुभाग अभियंता एम उपाध्याय, एलबी महतो, अमित कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## मांडू में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू में बीते दो दिनों से हो रही बिन मौसम बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जहां एक ओर बीन मौसम बारिश से किसानों की नींद उड़ गई हैं। किसान कटे धान को खलिहान में पानी से बचाने के लिए उपाय कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईट भट्ठा मालिकों के द्वारा भी कच्चे ईट को बचाने में लगे हैं। कई भट्ठे मालिकों का भारी नुकसान हुआ है। चक्रवर्ती तूफान के कारण हो रहे लगातार बारिश से आम लोगों को काफी का सामना करना पड़ रहा। गुरुवार को बदले मौसम के कारण सरकारी कार्यालय में सन्नाटा देखा गया। लोग घरों में ही दुबके रहे।

## वोखरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ का प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन डाक बगला परिसर लावालौंग में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू शामिल हुए। अगामी 15 दिसम्बर को चंदवा नगर में समाज के पूर्व सरंक्षक स्व रामदेव गंझु की पुण्यतिथि कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने समाज के लोगों से अपील किया कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हो। साथ ही कई दिशा निर्देश दिया गया। निर्णय लिया गया कि लावालौंग प्रखंड से भारी संख्या में पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य छठू सिंह भोगता, लावालोंग प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह भोगता, सचिव चंदू गंझू, कोषाध्यक्ष टिकेन्द्र गंझू, छठू पाहन, रामकुमार गंझू, महेश गंझू, सुभाष सिंह भोगता, राजेन्द्र गंझू, हजारी भोगता, सिकन्द्र भोगता, दिनेश भोगता, बिनोद भोगता, बालेश्वर गंझू, राहुल भोगता, विजय गंझू, प्रवीण भोक्ता, अमरेश गंझू, अमेरीका गंझू, धनु गंझू, सुरेन्द्र गंझू, रामभजन गंझू, आदित्य गंझू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया रांची



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के निःशुल्क तीन दिवसीय नेत्र जांच सह मोतियाबिंद शिविर में चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बुधवार को रांची रवाना किया गया। भुरकुंडा पेट्रोल पंप के समीप स्थित राज नर्सिंग होम से 6 मोतियाबिंद मरीजों को रांची से आये रीजन चेयरपर्सन दिवाकर राजगढ़िया, निमानी जिला के चेयरपर्सन धर्मेंद्र सिन्हा और राकेश चौधरी ने रवाना किया। बताया गया की मरीजों का ऑपरेशन रांची के निरामया हॉस्पीटल में आधुनिक तकनीक से किया जायेगा। इस दौरान निःशुल्क रहने और खाने-पीने की व्यवस्था भी क्लब की ओर से की गयी है। मौके पर क्लब के अशोक सिन्हा ने कहा कि लायंस क्लब समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारियों ईमानदारी पूर्वक निभाता रहेगा। उन्होंने कहा की आगे भी क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सुविधा क्लब दिलाती रहेगी। मौके पर डॉ राजेंद्र महतो, निर्मल अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, शिवा प्रसाद सहित क्लब कई लोग मौजूद थे।

## ट्रक इंजन में लगी आग

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी फोरलेन के ललकी मोड़ के पास गुरुवार को एक गेंहू लदा ट्रक के इंजन में अचानक आग लग गई। घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान चालक व खलासी आग को बुझाने का प्रयास किया। इसबीच घाटी की पुलिस पेट्रोलिंग सूचना पर अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंच कर आग को बुझाया। जानकारी के अनुसार दोपहर को ओड़िशा से गेंहू लेकर ट्रक एपी 05 टीबी- 2313 बिहार जा रहा था। चालक मनोज कुमार ने बताया कि घाटी पहुंचने पर इंजन के पास आग लग गई और केबिन में आग फैलने लगी। इसके ट्रक रोका तो अग्निशमन कर्मियों ने आग को बुझाया। समय पर आग को बुझने से ट्रक और गेंहू जलने से बच गया।

## योग और कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत थाना चौक स्तिथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा के प्रांगण में दो दिवसीय योग और कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डमरू महतो, सतीश कुमार और रीना देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रधानाध्यापक महतो ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए योग और कराटे का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। महतो ने कहा की योग और खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास द्वारा दर्जनों छात्र-छात्राओं को कराटे और योग का गुरु सिखाया गया है। सेंसाई कंचन दास ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में सप्ताह में दो दिन बालिकाओं को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया जायेगा। शिविर में ब्लैक बेल्ट अनमिता, आस्था, मयंक, मिहिर, हर्ष और ब्राउन बेल्ट में जानवी, सिमरन, चित्रलेखा, अमीनी, विकास, मानसी, गीता, नवीन, अनीश, अंजलि आदि कराटेकारों ने छात्राओं को कराटे के विभिन्न गुरु सिखाएं और इसके फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर मेघा, रानी, रिया, निश्चल, अंजलि, प्रिया, सोनी, मुस्कान, खुशी, अमृता, सुहानी, आशा सहित दर्जनों छात्राएं और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## उपायुक्त ने बांटे स्वेटर और कंबल



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री अबु इमरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्य वो आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का निरीक्षण करने लावालौंग प्रखंड क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में प्रखंड के बांदू गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय व बृद्धलोगों के बीच कंबल का वितरण किया और वहीं हाउस टू हाउस जा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी लिया। उक्त मौके पर उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके परिवार या जानने वालों का नाम मतदाता सूची में सामिल नहीं है तो अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जा कर अपना या अपने जानने वालों नाम मतदाता सूची में शामिल करा लें। इसके पश्चात लावालौंग प्रखंड के बिरहोर टोला में जाकर बिरहोर परिवार के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया और परिवारों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी को बिरहोर टोला समीप आंगनबाड़ी केंद्र का रिपेयरिंग करने का निर्देश दिया।

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के डुमरी कला पंचायत अंतर्गत सोवादाग लाइन होटल के समीप साप्ताहिक हाट मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीओ अरुण कुमार मुंडा, वीडियो निखिल गौरव कमान कच्छप, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, मुखिया साधना सिंह, पंचायत समिति सदस्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में बारिश के बावजूद भी काफी संख्या में ग्रामीण जुटे तथा अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन दिया। सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों के द्वारा वृद्धि और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावे धोती साड़ी सहित लाखों रुपया के परिसंपत्तियां बांटी गयी। इस कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पंचायत समिति पती कृष्ण देव यादव, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, पशुपालन पदाधिकारी निरंजन कुमार, बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षिका शांति देवी समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लगातार हो रही रिमझिम बारिश से एनएच 22 की स्थिति बदतर



**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** गया - चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर इन दिनों यात्रा करना दूभर हो गया है । इस पथ पर आवागमन करना खतरा से खाली नहीं है। हंटरगंज के डुमरी नागिनदाहा पुल तथा पखा मोड़ पुल, घंघरी पुल के अलावे चतरा लरकुआ मोड़ के पास सड़क की स्थिति और ही भयावह हो गई है। भारी वाहनों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे चार पहिया वाहनों को तो सड़क से गुजरना ही मुश्किल हो गया है। जबकि हंटरगंज से चतरा प्रतिदिन सैकड़ों छोटे बड़े वाहनों से लोग सवारी करते हैं। ऐसे में दुर्घटना का शिकार कब, कौन और कहां होगा। इसका कौन जिम्मेवार है। ऐसे में बारिश के मौसम के कारण सड़क और अप्रोच की स्थिति बद से बदतर हो गई है। इसका कार्य संवेदक द्वारा कब पूर्ण होगा। यह तो वही जाने लेकिन संवेदक की मनमानी के कारण आये दिन हमेशा दुर्घटनायें होती है और मौतें हो रही है। फिर भी सरकार के उच्च पदाधिकारी निर्भीक होकर मौन धारण किए हुए हैं और संवेदक तथा एनएच विभाग आराम की नींद सो रहे रहे हैं।

## क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी अव्वल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें कराटे, जूडो, शतरंज, बॉक्सिंग योगा व अन्य खेलों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने डीएवी नेशनल स्पोट्स का झंडोत्तोलन कर व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कलस्टर अंतर्गत डीएवी रजरप्पा, डीएवी आरा, डीएवी घाटोटांड़, डीएवी चैनपूर, डीएवी तापीन नार्थ, डीएवी पतरातू, डीएवी बचरा, डीएवी उरीमारी सहीत डीएवी बरकाकाना के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में डीएवी बरकाकाना के छात्रों द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए जूडो के अंडर 14 बालक वर्ग में डीएवी बरकाकाना पहला, डीएवी रजरप्पा दूसरा और डीएवी आरा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में बरकाकाना, आरा और पतरातू को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 17 बालक वर्ग में डीएवी आरा पहला, बरकाकाना दूसरा और रजरप्पा तीसरा स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान लावालौंग प्रखण्ड के लावालौंग पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होने कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। वहीं असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया और कार्यक्रम में आये आमजनों को पौधा देकर उनका स्वागत किया। साथ ही जेएसएलपीएस के सखी दीदीयों के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने पंचायत में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिले। यह कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर व सुदूरवर्ती क्षेत्र से जो लाभुक मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है उन्हें लाभान्वित करने का है।

# डीसी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, शौचालय, कार्यरत और प्रतिनियुक्त चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी की व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, वार्ड में व्यवस्था, दवा की उपलब्धता, कोल्ड चेन, स्नेक एंटी वेनम इंजेक्शन समेत अन्य की जांच की और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त अबु इमरान ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से भी उनके द्वारा दी जा रहे सेवाओं की जानकारी ली और समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने मरीजों से भी मुलाकात कर उन्हें दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों का समुचित ईलाज करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिया जिससे मरीजों का बेहतर इलाज सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय लावालौंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कार्यालय की साफ-सफाई, पेयजल, पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति का जांच किया। जांच कर उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी और कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रह कर अपने-अपने कार्यो का निष्पादन करेंगे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में आये हुए आम जन से मिल उनकी समस्याओं को भी सुना। इसके पश्चात प्रखंड मुख्यालय समीप बन रहे प्रखंड कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा इसका खास ख्याल रखा जाय कि कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण हो।

## कोडरमा स्टेशन से अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्टेशन परिसर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। गुरुवार को कोडरमा स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी कोडरमा को मेमो दिया गया लेकिन जीआरपी कोडरमा ने लिखा कि उक्त घटनास्थल मेरे क्षेत्राधिकार में नहीं है। यह लोकल थाना के अंतर्गत आता है। तत्पश्चात तिलैया थाना के एसआई आनंद मोहन वहां पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# अमेरिका क्यों है चुप

खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर विडियो जारी कर खुली धमकी दी है कि वह 13 दिसंबर को या उससे पहले भारतीय संसद पर हमला करेगा। ध्यान रहे, 13 दिसंबर ही वह तारीख है, जब 22 साल पहले 2001 में संसद भवन को आतंकी हमले का निशाना बनाया गया था। पन्नू की यह धमकी ऐसे समय आयी है, जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है। यह 22 दिसंबर को समाप्त होना है। ऐसे में संसद की सुरक्षा व्यवस्था का पहलू तो अहम है ही, जिस पर सुरक्षा एजेंसियां सभी जरूरी कदम उठा ही रही होंगी, लेकिन बड़ा सवाल यह भी है कि किसी देश की संसद पर हमले की खुलेआम धमकी देने वाला शख्स कैसे दो-दो देशों की नागरिकता धारण किये हुए वहां का सम्मानित नागरिक बना हुआ है। इसी पन्नू की हत्या की कथित साजिश का मसला अमेरिका बार-बार उठा रहा है। हालांकि भारत कह चुका है कि इस मामले की पूरी गहराई से जांच करायी जायेगी। ऐसी उच्चस्तरीय जांच शुरू हो भी चुकी है। यह मसला बेशक गंभीर है, लेकिन अमेरिका को यह भी सोचना होगा कि आखिर पन्नू जैसे लोगों को मनमानी करने की छूट वहां कैसे और क्यों मिली हुई है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब पन्नू और उसके संगठन सिख फॉर जस्टिस ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों की धमकी दी है। इनकी भारत विरोधी गतिविधियों का लंबा इतिहास है। इसी संगठन के बैनर तले कनाडा समेत कई देशों के बड़े शहरों में खालिस्तान पर कथित जनमत संग्रह कराया जाता रहा है। पिछले साल इन्हीं खालिस्तान समर्थक तत्वों ने एक परेड निकाली थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दृश्य की झांकी को भी शामिल किया गया था। भारत के दूतावासों के सामने हिंसक प्रदर्शन और तोड़फोड़ की घटनाओं में भी इन तत्वों की शिरकत स्थापित हो चुकी है। ऐसे में चाहे कनाडा हो या अमेरिका या अन्य यूरोपीय देश, सबको इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि इन मामलों को लेकर उनके रवैये में ऐसा ढीलापन आखिर क्यों दिख रहा है। अपने नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति की आजादी हर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अहम होती है, लेकिन इस बात का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है कि अभिव्यक्ति की यह आजादी दूसरे देशों में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की हद तक न चली जाये। जो भी तत्व इस आजादी का बेजा इस्तेमाल कर रहे हों, उन पर समय रहते प्रभावी रोक लगा दी जाये, तो बहुत सारी समस्याएं और अप्रिय विवाद पैदा ही न हों।

**अपने नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति की आजादी हर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अहम होती है, लेकिन इस बात का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है कि अभिव्यक्ति की यह आजादी दूसरे देशों में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की हद तक न चली जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वास्तव में, द्रमुक का जन्म इसी घृणा युक्त वैचारिक अधिष्ठान में हुआ था। अंग्रेजों ने इसे भारत में अपने राज को अक्षुण्ण बनाने हेतु भारतीयों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के लिए शुरू किया था। इसी विचार के मानसपुत्र अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु आज भी उसी विषबेल को सैकुलरवाद के नाम पर सींच रहे हैं।**

# यह 'नफरत की दुकान' क्यों

बलबीर पुंज

5 दिसंबर को आइएनडीआइ गठबंधन के महत्वपूर्ण अंग द्रविड़ मुनेत्र कडगम (द्रमुक) सांसद डीएनवी सैंथिल कुमार ने लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों को 'गौमूत्र प्रदेश' कह कर संबोधित किया। इसी वर्ष सितंबर में इसी द्रमुक के अन्य नेता, तमिलनाडु सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि ने सनातन संस्कृति को मिटाने की बात कही थी। तब उदयनिधि ने कहा था, 'कुछ चीजें हैं, जिनका हमें उन्मूलन करना है और हम केवल उनका विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, मलेरिया, कोरोना, ये सभी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, हमें इन्हें मिटाना है। सनातन धर्म भी ऐसा ही है, इसे खत्म करना... हमारा पहला काम होना चाहिए।' इसका कार्ति चिदंबरम और प्रियांक खडगे आदि कांग्रेसी नेताओं ने समर्थन किया था।

हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा की 3 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रचंड विजय हुई। इससे बौखला कर इसी राजनीतिक गठजोड़ ने देश में 'उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत' की चर्चा पुनः आरंभ कर दी। इसके संकेत कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर परोक्ष रूप से 'साऊथ' लिख कर दिये थे। डीएनवी सैंथिल कुमार द्वारा हिंदी राज्यों को गौमूत्र प्रदेश कहना चिदंबरम के उसी विभाजनकारी सोच का विस्तार है। वास्तव में, द्रमुक का जन्म इसी घृणा युक्त वैचारिक अधिष्ठान में हुआ था। अंग्रेजों ने इसे भारत में अपने राज को अक्षुण्ण बनाने हेतु भारतीयों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के लिए शुरू किया था। इसी विचार के मानसपुत्र अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु आज भी उसी विषबेल को सैकुलरवाद के नाम पर सींच रहे हैं। विडंबना है कि स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने का दावा करने वाली और वर्तमान राष्ट्रीय दल कांग्रेस उसी जहरीली विचारधारा की न केवल सहयोगी बन गयी है, अपितु उसका नेतृत्व भी करने को आतुर दिख रही है।

**विडंबना है कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' खोलकर बैठे हैं, उनके गोदाम से घृणा के उत्पाद एक-एक करके बाहर आ रहे है।**



**यह घृणा केवल हिंदू शोभायात्रा पर हमलों तक सीमित नहीं है। गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र स्थित मिशनरी स्कूल के डैस्क पर सातवीं कक्षा के छात्र ने 'जय श्रीराम' लिख दिया था, तब इसे देख कर बौखलाये शिक्षक ने छात्र के मुंह पर फ्लूड लगा दिया।**

देश में इस घृणा युक्त उपक्रम के कई उप-उत्पाद हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में क्या हुआ? यहां ट्रॉनिका सिटी में 30 नवंबर को हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद एक खुलासा किया है। इसके अनुसार, युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म उसका मजहब पूछ कर किया गया था। आरोपियों की मंशा पीड़िता के साथ स्कूटी पर जा रही सहेली के साथ भी दुष्कर्म करने की थी, परंतु जब उन्हें पता चला कि वह उन्हीं के मजहब से है, तो उसे छोड़ दिया। मामले में पुलिस ने इमरान और जुनैद को मुठभेड़ के बाद, तो चांद, गोलू और सुल्तान को गिरफ्तार किया है। स्पष्ट है कि यह भयावह मामला बलात्कार रूपी जघन्य अपराध तक सीमित नहीं है। इसके पीछे की मानसिकता ही जहरीली है। अभी प्रयागराज में 24 नवंबर को क्या हुआ? यहां लारेब हाशमी नामक बीटैक के छात्र ने मजहबी नारा लगाते हुए बस कंडक्टर हरकेश विश्वकर्मा को तेजधार हथियार मार कर लहूलुहान कर दिया। उसके बाद हाशमी ने एक वीडियो बनाया और दावा किया कि उसने एक ऐसे 'काफिर' को मारा है, जिसने उसके नबी की शान में गुस्ताखी की थी। बस चालक का दावा है कि पूरा विवाद किराये की कीमत को लेकर था। बकौल मीडिया रिपोर्ट, जब लारेब को हरकेश उसके बचे हुए पैसे दे रहा था, तभी लारेब ने अपने बैग से चापड़ निकाला और 'जिहाद अभी जिंदा है' व 'अल्लाह-हू-अकबर' नारा लगाते हुए हरकेश की गर्दन पर दनादन वार करना शुरू कर दिया। मुठभेड़ के बाद लारेब पुलिस की गिरफ्त में है। यह घटनाक्रम गत वर्ष राजस्थान स्थित उदयपुर में कन्हैयालाल की निर्मम हत्या का स्मरण कराता है, जिसमें हत्यारे मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद द्वारा भी वीडियो बनाया गया था।

इस घृणा से हरियाणा भी अछूता नहीं। यहां नूंह में 16 नवंबर को कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाएं जैसे ही शिव मंदिर जाने हेतु स्थानीय मस्जिद के आगे से गुजरीं, तभी वहां 20 से अधिक किशोरों ने उनपर पथराव कर दिया। इससे पहले इसी वर्ष 31 जुलाई को ब्रज मंडल शोभायात्रा के दौरान भी विशेष समुदाय के लोगों ने अपने घरों से पत्थर बरसाकर और लाठी-तलवारों से श्रद्धालुओं पर औचक हमला कर दिया था, तब न केवल कई वाहनों को भी फूंक दिया गया था, साथ ही नल्हड स्थित प्राचीन मंदिर को निशाना बना कर गोलीबारी भी की गयी थी।

ऐसे ही बिहार के बगहा और मोतिहारी में 21 अगस्त को नागपंचमी के अवसर पर निकाले गये महावीरी जुलूस पर भी पथराव हुआ था। बगहा में शोभा यात्रा जैसे ही एक मस्जिद से होकर गुजरी, वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया, फिर झड़प शुरू कर दी। इसी दिन राजस्थान में अलवर स्थित रामगढ़ से खाटू श्याम धाम के लिए प्रारंभ हुई ध्वजयात्रा पर भी हमला कर दिया गया था। इस दौरान पदयात्रियों की आस्था को आहत करने के लिए हमलावरों ने एक बस पर लगे पोस्टरों और बैनर को फाड़ दिया। जब बस चालक ने इसका विरोध किया, तो उसे मारा-पीटा गया। इतना ही नहीं, बस पर लगे खाटू श्याम बाबा के बैनरों को पैरों तले कुचल कर श्रद्धालुओं की भावना को भी ठेस पहुंचाने का काम किया गया था।

यह घृणा केवल हिंदू शोभायात्रा पर हमलों तक सीमित नहीं है। गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र स्थित मिशनरी स्कूल के डैस्क पर सातवीं कक्षा के छात्र ने 'जय श्रीराम' लिख दिया था, तब इसे देख कर बौखलाये शिक्षक ने छात्र के मुंह पर फ्लूड लगा दिया। अक्सर, वाम-जिहादी-सैकुलर गिरोह द्वारा विश्वभर में विकृत नैरेटिव बनाया जाता है कि जब देश में मोदी सरकार आयी है, तब से देश में 'असहिष्णुता' बढ़ गयी है। सच तो यह है कि भारत में 'घृणा' न तो मई 2014 से बढ़ी है और न ही इसका संबंध कुछ दशक पुराना है। इसकी जड़ें सदियों पुरानी हैं। कालांतर में छल-बल से मतांतरण, नरसंहार, गोवा एक्वीजिशन, भारत का रक्तरंजित विभाजन और कश्मीर का 1989-91 घटनाक्रम आदि इसके प्रमाण है। विडंबना है कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' खोलकर बैठे हैं, उनके गोदाम से घृणा के उत्पाद एक-एक करके बाहर आ रहे है।

## जमशेदपुर की खबरें

## सारंडा में मिसिर बेसरा दस्ते के साथ मुठभेड़ में माओवादियों का कैंप ध्वस्त, कई नक्सली घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ की खबर है। यहां सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों को घायल कर दिया है और माओवादी अस्थाई कैंप को भी ध्वस्त कर दिया है। सूत्रों के मानें, तो इस मुठभेड़ में माओवादी नेता मिसिर बेसरा और अनल उर्फ पतिराम माझी जैसे इनामी नक्सली के दस्ते को पुलिस ने घेर रखा है।

मुठभेड़ को लेकर पूरे सारंडा में हाइ अलर्ट जारी किया गया है। सभी चेक नाका से लेकर ओड़िशा के बॉर्डर तक पुलिस की पैनी नजर है। सूत्रों के मुतबिक, यह मुठभेड़ जराइकेला थाना क्षेत्र के कोलभंगा के पास हुई है। फिलहाल इस खबर की पुष्टि एसपी द्वारा नहीं की जा रही है। एसपी ने केवल इतनी जानकारी दी कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

सूत्रों के मुताबिक, यह मुठभेड़ बुधवार दोपहर से रुक-रुक कर चल रही है। मुठभेड़ में कोबरा, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवान शामिल हैं। इसमें सुरक्षाबल एक बड़ी कामयाबी की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए इस नक्सल विरोधी ऑपरेशन को गुप्त रखते हुए अंजाम दिया जा रहा है, ताकि नक्सलियों को भागने का कोई मौका इस बार नहीं मिले।

## खंभा में बिजली करेंट, चपेट में आने से पशु की मौत

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। रामबढ़िया बस्ती रोड नंबर 13 में बिजली की चपेट में आने से एक बेजुबान पशु की मृत्यु हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गाय प्रकाश यादव का हैं। जो की घास चढ़ने के लिए बाहर निकाला था। घर के पास ही बिजली के पोल में करेंट पास होने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।उधर इस घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित है। बताया जा रहा है बिजली विभाग की बढ़ते लापरवाही से बस्ती वासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसमें पशु के साथ स्थानीय नागरिक भी इसका शिकार होते जा रहे। अगर ससमय इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे बड़ी दुर्घटना होने की संभावनाएं बन सकती है।**

## राजपूत समाज ने सुखदेव सिंह हत्याकांड के खिलाफ निकाला विशाल मशाल जुलुस

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** राजपूत समाज के सर्वमान्य नेता स्व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में विभिन्न मांगो को लेकर लगातार बारिश के बावजूद विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। गुरुवार को झारखण्ड क्षत्रिय संघ के आह्वान पर क्षत्रिय समाज के सैंकड़ो लोगों ने साकची महाराणा प्रताप चौक से बड़ा गोलचक्कर तक विशाल मशाल जुलुस निकाल कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, भाजपा नेता अभय सिंह, शिव शंकर सिंह, नीरज सिंह, जिला पार्षद डॉ कविता परमार, जिला पार्षद डॉ परितोष सिंह, नंदकिशोर सिंह, रणविजय सिंह, मृतुन्जय, रंजन, अमर, लालचंद, क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एमएस मानस, प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह, जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत, सरायकेला जिलाध्यक्ष रविशंकर सिंह, संतोष सिंह, शुभम, अविनाश चौहान, विशाल, रौनक सिसोदिया, रंजन, रितेश, देवांशु शेखर, श्रीकांत, सौरभ राहुल, रवि राजू, विवेक, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, बमभोला सिंह, संदीप, मंजीत सिंह मौजूद रहे।

## आदित्यपुर में आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर के आयोजन में सैकड़ो लोगों ने जमा कराये आवेदन

**सिटी मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया, शिविर के जरिये सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 स्थित प्रभात पार्क में झारखंड सरकार के आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्ड के लाभुकों ने शामिल होकर योजनाओं का लाभ लिया। इस अवसर पर सरकार के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाया गया। मौके पर पूर्व पार्षद नीतू शर्मा, सिटी मैनेजर अनंत कुमार खलको, कुलदीप सिंह, मनिमुकुट सुरीन, शकील अनवर मेहदी, रितेश कुमार, प्रिया विश्वकर्मा, सुरेंद्र महतो, देवाशीष प्रधान, सुभाष लेयांगी, रविंद्र, रानी, पुष्पा, ललिता, शिल्पी पाल शामिल होकर लाभुकों को योजनाओं की जानकारी दी। जहां लाभुकों ने अपनी योग्यतानुसार योजनाओं के लिए आवेदन जमा करवाया। सिटी मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया शिविर के जरिये सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जा रहा। शिविर में जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स, बिजली बिल से संबंधित परेशानियों का निपटारा किया जा रहा। इसके अलावे आंचल व प्रखंड से संबंधित योजनाओं के स्टाल भी लगाए गए। शिविर में मत्स्य विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग के स्टॉल लगाए गए। जहां लाभुक योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन जमा कर रहे है। वही पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने सरकार द्वारा चलाये जा रही शिविर का जमकर सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे शिविरों के माध्यम से जनता को सीधा लाभ मिल रही है। लोग जरूरत के अनुसार योजनाओं का चयन कर उसके लिए आवेदन जमा कर रहे। कई लाभुक का वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास योजना की जानकारी लेते लाभुकों को देखा जा रहा।

### लोगों में दिखी नगर निगम के खिलाफ नाराजगी

**शिविर में कुछ लोगों का नगर निगम के खिलाफ नाराजगी भी देखी गयी। लोगों का मानना है कि आदित्यपुर नगर निगम के द्वारा सीवरेज- ड्रेनेज और जलापूर्ति योजना के लिए खोदे गए गड्ढों की वजह से बारिश के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी योजनाएं अभी अधूरी है। ना तो शुद्ध पानी मिल सका है,ना ही सड़के दुरुस्त हुई। जो सड़के बनी वह भी टूटने लगी है। ऐसे शिविर का आयोजन कर सरकार खानापूर्ति कर रही है। जबकि समूचे आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं का घोर अभाव है। वही लाभुकों के कदम शिविर की ओर बढ़ते देखे गए। लाभुकों ने जमकर शिविर का लाभ उठाया।**

## सांसद ने लोकसभा में उठाया मुराकाटी नहर का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने गुरुवार को लोकसभा में मुराकाटी नहर का मामला उठाया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत सुवर्णरेखा परियोजना के खरकई दांयी मुख्य नहर से निःसृत मुराकाटी शाखा नहर के एकरारनामा को पुर्नजीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा वर्ष 2019 में केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली द्वारा सुवर्णरेखा परियोजना के 14,959.744 करोड़ की तकनीकि स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमें मुराकाटी शाखा नहर के निर्माण का प्रस्ताव सम्मिलित था। पूर्व में वर्ष 2010 के परियोजना का खर्च 6613.34 करोड़ प्राप्त कर जल संसाधन विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी। झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग परियोजना के लिए 12,849.46 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी। मुराकाटी शाखा नहर के निर्माण कार्य को सुसुप्तावस्था में रखा गया। वही कुछ भाग में तीन एकरारनामों के तहत कार्य प्रारंभ करने का एकरारनामा किया गया था। उस समय राज्य सरकार द्वारा निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी थी। उन्होंने कहा मुराकाटी शाखा नहर से जादुगोड़ा, मुसाबनी व डुमरिया प्रखंड के करीब 12,000 हेक्टेयर जमीन में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएं जाने का प्रावधान है। जो मुख्यतः आदिवासी किसानों का है।

## मोदी विचार मंच ने कराया छह जोड़े विवाह संपन्न




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद परिवार के लिए सामूहिक विवाह अनुष्ठान का आयोजन करते आरहा है। इस उपलक्ष में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष विनोद राणा के नेतृत्व में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के छः जोड़े वर वधु का विवाह बड़े ही धूमधाम और उत्साह से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सोनारी भूतनाथ मंदिर प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे बारात का आगमन पुरे गाजे -बाजे के साथ किया गया। जहाँ बारात का भव्य स्वागत मंच के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा, बिनु दुबे, रवि ठाकुर, सुजीत वर्मा, मोनू, सोनू ठाकुर, रंजीत कुमार प्रसाद, शंकर, बिनोद सिंह, बिनय, शीतल कुमार और अश्वनी झा की अगुवाई में गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य पुरोहित संतोष मिश्रा व उनकी टीम द्वारा सभी वर-वधुओं का विवाह पूरे रीति रिवाज से संपन्न कराया गया। सभी वर वधुओं के जयमाला कार्यक्रम के बाद अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अभय सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बिनोद राणा, विकास सिंह को रवि ठाकुर व पूर्व कमिश्नर विजय सिंह को जिला अध्यक्ष रितेश सिंह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मंच द्वारा सभी नव विवाहित वर -वधुओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया। मौके पर कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह के कर कमलों द्वारा सभी प्रमाण पत्र दिया गया।**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## बोलेरो से बाइक की टक्कर, दो घायल

**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा - नगर उटारी - धुरकी मुख्य मार्ग के पेट्रोल पंप के समीप बोलेरो और मोटरसाइकिल कि टक्कर में मोटरसाइकिल सवार कदवा निवासी भोला उरांव के 26 वर्षीय पुत्र गोविंद उरांव और बिनोद चौधरी के 24 वर्षीय पुत्र रवि चौधरी घायल हो गए। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग एंबुलेंस के माध्यम से ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल नगर उटारी में भर्ती कराया। जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्साको ने बेहतर इलाज के लिए गोविंद उरांव को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जबकि बोलेरो चालक गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा। बोलेरो नगर उटारी थाना क्षेत्र के गरदा गांव निवासी राजेश बैठा का बताया जा रहा है। ईधर मौके पर पहुंच धुरकी थाना पुलिस ने बोलेरो और मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है।

# गढ़वा में अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 दिसंबर से

**प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर तक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर रविवार को आरकेपीएस स्कूल सोनपुरवा में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित किया जायेगा। जूनियर वर्ग में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते हैं। वहीं सीनियर वर्ग में दसवीं के छात्र शामिल हो सकते हैं। बालिका वर्ग में दसवीं तक की



छात्रा शामिल हो सकती हैं। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर रखा गया है। प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, यूडायश कोड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए सह सचिव प्रिंस सोनी के मोबाइल नंबर 9955231755 और संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे के मोबाइल 9304168422 पर संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को आगे लाने और खेल का विकास करने के उद्देश्य से वर्ष 2000 में प्रतियोगिता शुरू किया गया। प्रतियोगिता की शुरूआत 16 दिसंबर से शुरू होगा और समापन 14 जनवरी को होगा। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, सुशील केशरी, धनंजय सिंह, चंद्र भूषण सिन्हा, पीके दुबे, चंद्रभुषण शामिल थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा

**7000 से ज्यादा लाभार्थियों ने कराया उज्जवला योजना के लिए रजिस्ट्रेशन**

**गढ़वा में जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

**बारिश के बावजूद शिविरों में आ रहे लोग, ले रहे विकसित भारत का संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के दौरान 07 अक्टूबर तक 7000 से ज्यादाल लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इन शिविरों में जिन लाभार्थियों के आवेदन प्रक्रिया के तहत मंजूर कर लिए गए है उन्हें ऑन स्पॉट गैस चूल्हा एवं सिलेंडर भी दिया जा रहा है। झारखंड के कई इलाकों में मिचौंग चक्रवात के कारण बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद विकसित भारत का संकल्प लेने के लिए शिविरों में आम लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इन शिविरों के साथ-साथ विशेष रूप से डिजाइन की गई पांच आईईसी (सूचना, शिक्षा, संचार) वैन भी ग्राम पंचायत तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है।

**गढ़वाः हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता वाहन को रवानाः** भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं के लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से गढ़वा जिला मुख्यालय से विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय व अध्यक्ष जिला परिषद, गढ़वा शांति देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया। साथ ही मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों के बीच - हमारा संकल्प विकसित भारत- को लेकर शपथ ज्ञापन कराया गया, जिसमें शपथ लेते हुए कहा गया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

# 12 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**पुलिस के सामने ठगी के तरीकों का किया खुलासा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की गिरिडीह पुलिस ने 12 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई मोबाइल सहित दो लाख रुपये नकद जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। पूछताछ में अपराधियों ने ठगी के तरीकों का भी खुलासा किया है। प्रतिविंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर गांडेय में कुछ साइबर अपराधी लोगों से ठगी कर रहे हैं। उपरोक्त के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) संदीप सुमन के नेतृत्व में छापामारी की गयी। इस दौरान टीम ने 12 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में साइबर थाना में कांड (37/2023, दिनांक-6.12.23) दर्ज किया गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम और पता

**पवन राणा, मो शमसाद अंसारी, सज्जाद अंसारी, सलामत अंसारी, सच्चिदानंद मंडल, दीपक वर्मा, नितेश कुमार, पंकज कुमार मंडल, मुकेश मंडल, निर्मल कुमार मंडल, रूपेश मंडल, सोहन मंडल। बरामद सामानः मोबाइल फोन सेट- 19, सिम-33, एटीएम- एक मोटरसाइकिल- पांच, नकद- 2.19 लाख।**

# राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गत 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल में विद्यालय के निदेशक वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में विद्यालय के पदाधिकारी सहित सभी शिक्षक गण ने संयुक्त रूप से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने अपने जीवन के 65 सालों में सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक, औद्योगिक, संवैधानिक आदि क्षेत्रों में अनगिनत कार्य कर-के राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण



योगदान दिए हैं। वह प्रतिदिन 18 घंटा पढ़ाई करते थे और सिर्फ 3 घंटा सोते थे और बाकी 3 घंटा वह नहाने, खाने, व्यायाम सहित अन्य गतिविधियों में लगाते थे। डॉ. अंबेडकर का प्रकाशवान जीवन दशार्ता है कि वह विद्वान और कर्मशील व्यक्ति थे। सबसे पहले, उन्होंने अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाने में अर्थशास्त्रि राजनीति, कानून, दर्शन और समाजशास्त्र का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया, जहां पर उन्हें कई सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपना सारा जीवन पढ़ने और ज्ञान प्राप्त करने और पुस्तकालयों में नहीं बिताया। उन्होंने आकर्षक वेतन के साथ उच्च पदों को लेने से इनकार कर दिया क्योंकि वह दलित वर्ग के लोगों को कभी नहीं भूले। उन्होंने अपना जीवन समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित किया। उन्होंने दलित वर्गों के उत्थान के लिए पुरजोर कोशिश किए।

# उप विकास आयुक्त ने की जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति और जिला परामर्शदात्री समिति के द्वितीय त्रैमासिक बैठक की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं और विषयों को लेकर गहन समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान पिछले बार के प्रथम त्रैमासिक बैठक की तुलना में सीडी रेश्यो में बढ़ोतरी पायी गयी।



पिछले बैठक में सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 45 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जिसे लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकिंग कार्य की सराहना करते हुए इसी प्रकार से आगे भी बैंकों को अच्छे प्रदर्शन करने को कहा गया और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गयी कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में सरकार के कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है। उक्त सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी पॉइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया। जिससे पंचायतों में बीसी प्वाइंट खोला जा सके। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, माननीय सांसद और विधायक प्रतिनिधि समेत डीडीएम नाबार्ड, लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक एके मांझी, आरसेटी प्रभारी इंदु भूषण लाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशिल दास उपस्थित थे।

# नौ को राजेश ठाकुर का गढ़वा में आगमन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज़िला कांग्रेस कमिटी के कार्यालय में एक प्रेसवार्ता ज़िला अध्यक्ष ई० ओबैदुल्लाह हक अंसारी के द्वारा किया गया। प्रेस वार्ता में बोलते हुए ज़िला अध्यक्ष ई० ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा की दिनांक 09/12/2023 दिन शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का गढ़वा में आगमन होने जा रहा है। गढ़वा में रंका मोड़(घंटा घर) के पास ज़िला अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वागत किया जायेगा। उसके बाद मेराल प्रखंड अध्यक्ष मोती राम के नेतृत्व में स्वागत किया जायेगा। उसके बाद रमना(टेढ़ी पुल) के पास रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा तत्पश्चात रमना (टेढ़ी पुल) से बाइक रैली के साथ बिशुनपुरा में पहुँचेंगे। उसके बाद बिशुनपुरा प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव के बगान में भावनाथपुर विधानसभा के सभी प्रखंड अध्यक्ष ऐंव पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। प्रेसवार्ता में ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष मोशाहिद अंसारी, इरफान आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अजय बने झारखंड सीनियर महिला कबड्डी टीम का कोच नियुक्त



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पंजाब के लामरीन टीच स्किल यूनिवर्सिटी रूपनगर में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भाग ले रही झारखंड सीनियर महिला कबड्डी टीम का कोच अजय कुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता आगामी 10 दिसंबर से 13 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगी। गढ़वा जिलान्तर्गत भवनाथपुर प्रखंड के सुद्रवर्ती क्षेत्र कोनमंडरा के रहने वाले अजय कुमार गुप्ता को कोच बनाये जाने से खिलाड़ियों के साथ साथ आम अवाम में खुशी की लहर है।**

# क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव फैला रहे हैं भ्रामक खबरः गुड्डू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा ।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के वर्तमान सचिव गुड्डु सिंह ने कहा है कि जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव पंकज चौधरी के हवाले से कई समाचार पत्रों में खबर छपी है कि जिले में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के द्वारा स्वर्गीय सुरजीत मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए निबंधन जारी है। इस भ्रामक खबर को पढ कर आश्चर्य हुआ कि इस तरह का कोई निर्णय गढ़वा जिला क्रिकेट संघ द्वारा नहीं लिया गया है। ,क्योकि अभी अभी एक महीने से चल रहा जिला क्रिकेट लीग का समापन हुआ है। और संघ ने निर्णय लिया है कि जनवरी माह में एक बडा टूर्नामेंट का आयोजन



किया जायगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। पूर्व सचिव द्वारा जो न्यूज जारी की गयी है। वह बिल्कुल भ्रामक है और गढ़वा जिले से निबंधित जो भी खिलाड़ी है, मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि इस तरह के भ्रामक न्यूज से बचें। इस तरह के प्रतियोगिता में भाग न ले और जो भी खिलाड़ी निबंधन करा कर खेलेंगे उन खिलाड़ीओ पर संघ करवाई करेगी।

# आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से अधिकारी रहे नदारत

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च अधिकारी नदारद रहे। इस कार्यक्रम में कोई भी वरीय अधिकारी उपस्थित नही हुए। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, सीआई, कर्मचारी, ऐई, बैंक कर्मी, जंगल विभाग से कर्मी, जिला से प्रतिनियुक्त अधिकारी की उपस्थिति आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नदारत रहा। जबकि खराब मौसम में भी जनता अपना अपना आवेदन लेकर उपस्थित रहे। परंतु कार्यक्रम में पहुंचते ही उनके ऊपर



मायूसी छा गयी। इस कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया ललिता कुमारी के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के दौरान जनता दरबार में आपूर्ति विभाग, अबुआ आवास, कल्याण विभाग आदि का अलग अलग स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में एक ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से पहुंचे एमपीडब्ल्यू ने अपने विभाग के अनुपस्थित कर्मियों का भी हस्ताक्षर किया।

इस अवसर पर उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार ने बताया कि विकास के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक विकास योजना का लाभ पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। परंतु उच्च अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण जनता में मायूसी छाई रही। उन्होंने काफी नाराजगी जतायी है।

# बेमौसम हो रही बारिश से धान और सब्जी की फसलों को भारी नुकसान



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में बीते आठ दिनों से बेमौसम रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से धान व सब्जी की फसलों को अच्छी खासी नुकसान पहुंचा है। एक हप्ते पहले से रुक रुक कर तो बारिश हो ही रही थी परंतु बीते बुधवार से साइक्लोन मिचौंग के हल्के प्रभाव के कारण बारिश बुधवार की शाम से ही रुक रुक कर पूरी रात हुई, उसके पश्चात गुरुवार की सुबह से समाचार लिखे जाने तक लगातार बारिश हो ही रही है जिस वजह से स्कूली बच्चों के साथ साथ आम लोगों का भी जीवन अस्त व्यस्त होते दिखा। क्षेत्र के किसानों की माने तो धान की कटाई कर पाजा को खेतों में सूखने को रखा गया था परंतु बारिश के वजह से सारा पांजा खेत में जमा हुए पानी में डूबा हुआ है वही स्थिति खलिहान में रखे धान के बोझे की भी हो रही है।

## क्या कहते हैं क्षेत्र के किसान

गुरुवार को हुए बारिश के संबंध में प्रखंड के डूमरसोता पंचायत के किसान अरुण दुबे कहते हैं कि धान का फसल पकने के बाद हम जैसे ही उसकी खेतों की कटाई को तैयार हुए तभी बारिश ने सारा फसल भिगो दिया।



किसान : अरुण दुबे, डूमरसोता पंचायत

मझिगावां पंचायत के अस्नाखांड़ निवासी शंकरी देवी कहती है कि मैं भारी ब्याज पर कर्ज लेकर खेतों में धान की बुआई की थी धान काट कर पांजा सूखने के लिए खेत मे ही पड़ा था पर बारिश होने से खोतों में पानी जमा हो गया जिसमें धान का पाजां डूबा हुआ है।



किसान : शंकरी देवी, मझिगावां पंचायत

पंचायत के ही समृद्ध किसान सूर्यनारायण चौबे कहते फिलहाल में जो वर्षा हो रही है वह रबी की फसल के लिए अच्छा है पर खेतों में रखे पांजा व खलिहानों में रखे गए धान के बोझे में लगातार हो रहे बारिश से अंकुर आने के डर हैं।



किसान : सूर्यनारायण चौबे, समृद्ध किसान

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे कहते हैं कि जिस तरह बेमौसम हुए बारिश की वजह से किसानों को दुहरा नुकसान हुआ है अतः गढ़वा उपायुक्त को चाहिए कि जांच कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएं।



फोटो : रामलला दुबे, जिलाध्यक्ष- भारतीय किसान मोर्चा

## भवनाथपुर में बारिश से भारी नुकसान

**भवनाथपुर। एकएक मौसम में हुई बदलाव के बाद बीते तीन दिनों से हो रही रिमझिम बारिश से जहां वातावरण में ठंडक घुलने से शीत लहर का तो एहसास हुआ ही, वहीं बेमौसम बारिश से पकी धान की फसल का भारी नुकसान होता देख अन्नदाता परेशान है। क्षेत्र के किसानों की धान की फसल पक कर तैयार है। अधिकांश जगह कटाई भी शुरू हो चुकी है। कहीं- कहीं कटे हुए धान के पौधे खेतों में पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में एकाएक मौसम बिगड़ने से क्षेत्र के किसान काफी परेशान है। बारिश की पानी से कटी हुई फसल के सड़ने और फसल में दाग होने की आशंका है, सो अलग। इससे किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि कहीं उनकी तीन चार महीने की मेहनत पर पानी न फिर जाय। हालांकि किसान कटी हुई फसल को किसी भी तरह बारिश की पानी से बचाने का प्रयास कर रहे हैं पर सफल नहीं हो पा रहे हैं। धान में अब नमी आना प्रारंभ हो गयी है। जिससे उसकी गुणवत्ता खराब होगी। फसल को नुकसान होने की संभावना अधिक बनी हुई है। किसानों की माने तो आसमान में लगातार बदली छाने और तापमान में गिरावट होने से चना के पौधों को उकटा (गलकर सूखना) लगने लगेगा। वहीं अरहर आलू सहित कई फसलों को नुकसान होगा। किसानों के अनुसार अनेक किसानों ने पूर्व में ही चना, गेहूं की बोनी कर दिए थे। जो अंकुरित होकर अब बड़े होने लगे हैं। ऐसे में चना, गेहूं को साफ मौसम और दिन में अधिक तापमान की आवश्यकता है। लेकिन लगातार मौसम में बदलाव होने से इन फसलों को नुकसान हो रहा है।**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

# योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे भंडरा आकाशी कैरो पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पेसरार प्रखंड, जिला लोहरदगा, रोड का नाम पेरतोल से शनई पथ निर्माण ,वर्तमान में कार्य स्थल स्थान जोड़नी बाजारटांड के समीप हो रही सहित अन्य सभी पीएम जी एसवाई में भारी अनियमितता पर जताई नाराजगी लोहरदगा उपायुक्त को पत्राचार के माध्यम से कहा कि जनता की शिकायतों हो रही नजरअंदाज और संवेदक और विभाग कर रहे मनमानी

पत्राचार करते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भंडरा से कैरो भाया आकाशी पथ का निर्माण कार्य पिछले सितंबर 2022 में शुभारंभ हुआ है सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है सड़क निर्माण के नाम पर भंडरा से आकाशी तक सड़क को खोद कर आवागमन बाधित कर दिया गया है इस तरह सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता वरती जा रही है अब तक कई सवारी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है और कई सवारी को गंभीर चोटे भी आ चुकी है सड़क दुर्घटना में दो-तीन लोगों का अब तक मौत भी हो चुका है जबकि यह सड़क भंडरा से आकाशी रेलवे स्टेशन जाने का मुख्य पथ है कई बार ग्रामीणों के द्वारा संवेदक को कहा गया साथ ही उपायुक्त लोहरदगा के माध्यम से भी विभाग में इसकी जानकारी दी गई लेकिन इस पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है, संवेदक को इससे कोई मतलब नहीं है।ग्रामीणों का आरोप है बहुत ही घटिया कार्य हो रहा है सड़क बन रहा है पीसीसी रोड ढलाई कार्य हो रहा है ढलाई के बाद पानी नहीं पटाया जाता है ढलाई से पहले पानी देने का कार्य होता है वह भी नहीं हो रहा है ग्रामीण कहते हैं कि सड़क खराब बन रहा है साइड इंचार्ज कहता है जहां कंपलेन करना है करो हमें कुछ नहीं होना जिसके पास जाना है जा सकता है।इस तरह के बोल बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे। इसलिए जनहित को देखते हुए विषय को संज्ञान में लेकर ठोस कार्वाई करते हुए, यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर आवागमन सुचारू किया जाए।

## बारिश के कारण फसल बर्बाद, किसान चिंतित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गारु ।** चक्रवाती तूफान मिचौंग से दो दिनों से प्रखंड का मौसम बेइमान हो रहा है तो वहीं असमय बारिश ने किसानों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र में धान की फसल पक कर तैयार हो चुकी है, अधिकांश जगह कटाई भी शुरू हो चुकी है और अधिकांश खेतों में कटे हुए धान के पौधे पड़े हुए हैं ।गौरतलब है कि दो दिनों से प्रखंड का मौसम बेइमान हो रहा है । ग्रामीण क्षेत्र में धान की फसल पक कर तैयार है। अधिकांश जगह कटाई भी शुरू हो चुकी है। अधिकांश खेतों में कटे हुए धान के पौधे पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में एकाएक मौसम बिगड़ने से क्षेत्र के किसान काफी परेशान हैं। क्षेत्र में हल्की हवा के कारण खेतों में धान के पौधे गिर गए हैं। किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि बारिश मे उनकी तीन-चार महीने की मेहनत पर पानी न फिर जाएगा। हालांकि, किसान कटी हुई फसल को किसी भी तरह वर्षा से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस विषय मे सीओ शम्भू राम ने कहा कृषि मंत्रालय के निर्देशनुसार किसानों को सहायता पहुंचाया जायगा एवं फसल बीमा कराये हुए किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा । इस बार अनेक किसान मशीन से फसल कटवा रहे हैं जिससे उनकी फसल एक ही दिन में कटकर घर पहुंच जा रही लेकिन जिन किसानों की फसल हाथ से काटने के बाद खेतों में पड़ी है । अभी धान की कटाई शुरू ही हुई थी कि मौसम खराब हो गया। इससे पकी हुई फसल को काफी क्षति हो रही है।

## हत्या के विरोध में निकाला जुलूस




**अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा ए मौत की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में गुरूवार को लोहरदगा में क्षत्रिय समाज ने मशाल जुलूस निकाला। वारदात में शामिल सभी अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा ए मौत की मांग की गई। मशाल जुलूस की शुरूआत मैना बागीचा लोहरदगा से हुई।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने की। सत्यजीत ने कहा कि सुखदेव सिंह की हत्या राजपूत समाज के लिए बड़ी क्षति है। क्षत्रिय समाज एकजुट होकर न्याय के लिए संघर्ष करेगा। समाज के लोगों को हर तरह के मतभेद भुलकर एकजुट रहने की जरूरत है, ताकि समाज के सामने खड़ी चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके। करणी सेना के दिवंगत अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मनोज सिंह, कन्हाई सिंह, पप्पू सिंह, विजय सिंह, मदन सिंह, अमित सिंह, उमेश सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण सिंह, जयंत कुमार सिंह, अजय चौहान, धीरज सिंह, अशोक सिंह, अमित सिंह, संजय शाहदेव, सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के युवा मौजूद थे।

## वन विभाग ने अवैध लकड़ी किया बरामद

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के पीटीआर के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के जंगलों से वन विभाग ने गुप्त सूचना पर जब्त किया बेश कीमती लकड़ी बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी की तस्करी की सूचना पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में अमवाटीकर बिट के ओपाग जंगल से तस्कर द्वारा जंगल से कटाई कर ले जा रहे सखुआ के चार चोपाल किया हुआ बोटा एवं चार पटरा बरामद किया गया। लकड़ी तस्कर भागने में कामयाब रहा। इस अभियान में वनपाल नवीन कुमार प्रसाद के अलावे प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू उमेश उरांव, संजय टोप्पो, राहुल कुमार दास, सत्यनारायण उरांव, अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक, बैजनाथ रविदास सभी वनरक्षक शामिल थे।

## कड़ाके की ठंड से कांप रहे हैं लोग, जनजीवन अस्त-व्यस्त

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** वर्ष 2023 के अंतिम माह दिसम्बर के पहले सप्ताह में बर्षा के साथ कड़ाके की ठंड ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर रखा है। ठंड इतनी है की लोग सुबह अपने अपने घरों से काफी देर से बाहर निकलने की हिम्मत जुटा पा रहे है, चूंकि एक तो दो दिनों से वर्षा और दूसरा हाड़ कंपा देने वाली ठंड। आवश्यक कार्यों से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है। बाजार, बस स्टैंड, सरकारी दफ्तर और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही कम देखने को मिली है। सड़कों पर वाहन रेंग रेंगकर चलते नजर आए।

अलाव, गर्म कपड़े, रूम हीटर आदि उपायों से लोग ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। तापमान में लगातार गिरावट आती जा रही है। शीतलहर की तरह ठंड चलने के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गुरूवार को दिन में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। सुबह और शाम के समय लोगों को ज्यादा ठंड का अहसास हो रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों का ज्यादा बुरा हाल है। हालांकि सरकार की ओर से अलाव जलते नहीं दिखाई दे रहे हैं। लोग स्वयं की व्यवस्था कर अलाव जलाकर ठंड को दूर कर रहे हैं। ठंड का असर बाजार की व्यवस्था पर भी असर देखने को मिल रहा है। ठंड के कारण ग्रामीण क्षेत्र से ग्राहक बाजार का रुख नहीं कर रहे हैं।

## छूटे हुए मतदाताओं को सूची में जोड़ने का दिया निर्देश

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकरी पवन कुमार महतो ने बीएलओ के साथ मतदाता संक्षिप्त पुनर्निरक्षण का समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में सभी बीएलओ को पूर्व में किए गए मतगणना सर्वेक्षण के संदर्भ में पूरी जानकारी लिया साथ ही उन्हें निर्देश दिया कि जल्द से जल्द छूटे हुए मतदाताओं का फॉर्म 6 भर कर 9 दिसम्बर तक मतदाता सूची में जोड़ते हुए पुनिरक्षं का कार्य पूरा करें। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रखंड भर के सभी बूथ स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को मतदान और मतदाता सूची में जुड़ने के लिए जागरूक करें।

## 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम तीन पंचायतों में हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के तीन प्रखण्डों के पंचायतों में आयोजित हुआ। इसमें किस्को प्रखण्ड का खरकी पंचायत, सदर प्रखण्ड लोहरदगा का बाघा पंचायत और भण्डरा प्रखण्ड का मसमानों पंचायत शामिल है। बारिश के बावजूद लोगों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे जिसमें लोगों की ओर से आवेदन जमा किये गये। खरकी पंचायत में कार्यक्रम की शुरूआत प्रखण्ड प्रमुख सुचित्रा भगत व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, कंबल वितरण योजना, जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र, मक्का बीज वितरण, सोना सोबरन धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि व जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को किया गया लाईव :** पूर्वी सिंहभूम में आयोजित ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम₹, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए, कार्यक्रम का लाईव एलईडी टीवी का पर दिखाया गया। इस कार्यक्रम को ग्रामीणों ने देखा व सुना।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य पहुंचे लातेहार, हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माननीय सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी का लातेहार आगमन हुआ। इस दौरान पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।इसके पश्चात माननीय सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों से लेते हुए बाल अधिकार के प्रति संबंधित पदाधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल अधिकार संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों व अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई। तथा रजिस्टर्ड प्ले स्कूल की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जल्द से जल्द शेष प्ले स्कूल का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से बच्चों के पठन-पाठ, बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाआ, डीएमएफटी, सीएसआर के फंड से बच्चों के लिए किये गए कार्य, श्रम विभाग द्वारा जिले में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने, कार्रवाई के संबंध में क्रमवार जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन विभाग ने अवैध बालू लदा ट्रेक्टर किया जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** वन विभाग के टीम ने छापामारी अभीयान चला कर थाना क्षेत्र के बानालात ग्राम स्थित पुल के समिप से बालु लदा ट्रैक्टर को जब्त किया। जानकारी देते हुए क्षेत्र के वन रक्षी संतोष उरांव ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी ननद कुमार राम को गुप्त सुचना मिली थी के बानालात ग्राम के नदी से ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालु का उठाव किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एक टीम गठीत कर अभियान चलाया गया जहाँ बानालात नदी से बालु लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। ट्रैक्टर की ओर वन विभाग के टीम को आते देख ड्राइवर भागने मे सफल रहा । जब्त ट्रैक्टर को बालूमाथ वन विभाग परिसर में लाया गया जहाँ विभागीय कार्रवाई की जा रही है। टीम मे शामिल प्रभारी वन पाल दिलिप उरांव, वन रक्षी मंगल सिंह, विशवदेव पाण्डेय मौजूद थे।

## टीटीके में भूख हड़ताल शुरू सीसीएल मैनेजर से वार्ता विफल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलियरी में प्रनव नमण आउट सोर्सिंग कंपनी के विरुद्ध 28 दिनों तक चल रहे अनिश्चितकालीन धरना के बाद आज गुरूवार से धरना भूख हड़ताल में तब्दील हो गयी है। इस मौके पर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य राजहरा श्री गिरधारी यादव जी के नेतृत्व में धरना जारी रहा। उन्होंने कहा की पूर्व में कंपनी के द्वारा कई बड़े वायदे किए गए थे। जिसमें विस्थापितों को नौकरी, स्कूल बस की व्यवस्था, एंबुलेंस की व्यवस्था व अन्य है जिसमें कंपनी के द्वारा विस्थापितों को रोजगार देने के बाद नौकरी से हटा दिया गया। इसी के विरुद्ध में धरना भूख हड़ताल में तब्दील हो गया है। नेता गिरधारी यादव ने कहा की कंपनी पूर्व में किए गए वायदा और मजदूरों की मांग जब तक पूरी नहीं होती है भूख हड़ताल जारी रहेगा। सीसीएल मैनेजर दीपक कुमार ने भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचकर हड़ताल तोड़ने का गुहार लगाए, लेकिन मांग को पूरा नहीं होने के कारण भूख हड़ताल जारी रहा। इस मौके पर सुजीत यादव, नवीन उरांव, सुरेंद्र यादव, मनक महतो, संतोष यादव, झूना तुरी, पंकज कुमार, मोहन यादव, प्रकाश तुरी, रूपेश कुमार, बबलू यादव, संजीत उरांव, गणेश उरांव, रवींद्र यादव, विनोद यादव, मंदेश उरांव, बलराम उरांव, संजीत कुमार उरांव, उपस्थित रहे । उधर तेतरियाखाड कोलियरी में प्रनव नमण आउट सोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक ने कहा कि कम्पनी के द्वारा कोलावरी इस पास के कई लोगों को रोजगार दिया गया था। पर अचान चार पांच लोग कम्पनी के काम मे आना बंद कर दिया था।

## पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने विधयाक को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता





**बारियातु।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत बालूभाँग के हेरनहोपा स्थित अमानत नदी पर पुल निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणों ने विधायक बैजनाथ राम को लिखित आवेदन सौपा। ग्रमीणो ने बाताया की अमानत नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण पंचायत एवं प्रखंड के ग्रामीण जनता को अवागमन करने मे काफी परेशानी होती है। यह अमानत नदी चतरा जिला के लावालौंग प्रखंड से सटा है। लावालौंग प्रखंड नजदीक होने के कारण यहाँ के दर्जनों छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए प्रतिदिन नदी पार कर अवागमन करते है।साथ ही साथ कई ग्रामीण लावालौंग प्रखंड से व्यपार भी करते हैं। बरसात के दिनों मे छात्र छात्राएं नदी मे बाढ़ रहने के कारण स्कुल नहीं जा पाते हैं। वहीं व्यपार करने वालों में से दो तीन ग्रामीणों का इस नदी के बाढ़ मे बहने से मृत्यु हो चुकी हैं। साथ ही साथ कई छात्रों का साईकल बह गया है।

## अनुश्रवण और स्थापना समिति की बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति और जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम मध्याह्न भोजन से संबंधित बैठक में सेंट्रलाइज्ड किचन से विद्यालय के बच्चों को मध्याह्न भोजन की आपूर्ति के लिए संबंधित विद्यालय के बच्चों का फीडबैक के लिए कमिटी गठित करने और तत्पश्चात आगे की कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। स्थापना समिति (शिक्षा) की बैठक में ग्रेड-3 और ग्रेड-5 के शिक्षकों की समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित चर्चा हुई और आवश्यक निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चक्रवात के कारण मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल स्थगित

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रेलवे क्लब मे गुरुवार से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता को चक्रवर्ती तूफान के हो रही लगातार बारिश को देखते हुए अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि चक्रवात तूफान के कारण रेलवे क्लब का मैदान पूरी तरह खेल योग्य नहीं है जिसे देखते हुए मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता को अगले आदेश तक स्थगित करते हुए सभी पंचायत को सूचित कर दिया गया है।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** थाना क्षेत्र के छारदा डहर टोली गांव निवासी बलजीत उरांव (22) व सुदीप उरांव (21) को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।

इस बावत एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बलजीत उरांव के घर मे बैठकर सुदीप और बलजीत किसी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं, उन लोगों के पास अवैध हथियार है। इसकी गुप्त जानकारी थानेदार आदित्य कुमार चौधरी को मिला था। सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में दोनो के पास से एक पिस्टल,तीन जिंदा गोली व एक मैगजीन बरामद हुआ है।आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर गुरुवार को दोनों को जेल भेज दिया गया।

## संदेह के घेरे मे वन विभाग

# अवैध बॉक्साइट लदा ट्रक पकड़ा, फिर छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर ।** प्रखंड में अवैध बॉक्साइट का खनन एव ढूलाई का काम धड़ले से चल रहा है। जिसमें गुरदरी से लेकर लोहरदगा तक के अधिकारियों की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक बॉक्साइट लदा ट्रक शनिवार की शाम बनारी स्थित वन विभाग के चेक पोस्ट पर पहुंची। जहां पूर्व से रुटीन चेकअप हो रहा था जैसे ही ट्रक चालक से जांच टीम के द्वारा बॉक्साइट का चालान मांगा गया तो वह दूसरे स्टेट का फर्जी चलान को दिखाया। उसे देखते ही वन



विभाग के कर्मियों को उस पर संदेह हो गया। और जैसे ही ट्रक के चालक से पूछताछ वन कर्मियों के द्वारा किया जा रहा था इस दौरान मौका पाकर चालक फरार हो गया। जिसके बाद उक्त वाहन को वन विभाग ने जप्त कर लिया। और अचानक रविवार की शाम ट्रक को छोड़ दिया गया।

**क्या कहते हैं डीएफओ :** इस संबंध में पूछे जाने पर लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार ने बताया शनिवार की शाम को बॉक्साइट से लदा एक ट्रक को संदेश के आधार पर पकड़ा गया था। पकड़े गए ट्रक के चालान का जांच किया गया जिसमें पाया गया कि वह ट्रक मध्य प्रदेश के कटनी से बॉक्साइट लेकर लोहरदगा जा रही थी। इसी दरमियान वह बनारी नाका पहुंचा तो वन कर्मियों को लगा कि फर्जी चालान है। परंतु वह सही चालान था जिस कारण से छोड़ दिया गया। हालांकि अभी भी कई बिंदुओं पर वन विभाग जांच कर रही है।

**2 घंटे में 800 किलोमीटर का सफर तय कर मध्य प्रदेश से बनारी पहुंचा बॉक्साइट ट्रक :** फर्जी चालान से आ रहे बॉक्साइट ट्रक को वन विभाग के द्वारा पकड़े जाने व उसे छोड़ दिए जाने के बाद वन विभाग के कार्य शैली पर सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि इस संबंध में ट्रक चालक सह मालिक हैदर अली से पूछा गया तो उसने बताया कि वह 2 दिसंबर का सुबह 6:00 बजे गाड़ी लेकर कुजाम पहुंचा पर उसका गाड़ी खराब हो गया और गाड़ी बनने के बाद 3 दिसंबर को उसका ट्रक कुजाम के आसपास से लोड हुआ और वह 2:00 बजे दिन में निकाला और 4:00 बजे बनारी पहुंचा । जहां पर उसे वन कर्मियों के द्वारा पकड़ा गया।

## जंगल बचाओ अभियान समिति ने लगाया आरोप

# वन क्षेत्र के योजनाओं में कहीं भी नहीं लगा है बोर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जंगल बचाओ अभियान समिति, गुमला के तत्वाधान में गुमला रेंज एरिया में संचालित योजनाओं में मची भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत गुमला प्रखंड के चरका टांगर व कोयजारा जैसे गांव में भ्रमण के दौरान पाया गया की योजना की विवरणी को स्पष्ट करने संबंधी बोर्ड नहीं लगा है। विदित हो कि गुमला वन क्षेत्र में गुमला रेंजर द्वारा वन विभाग का योजनाओं को अपने पॉकेट का योजना बनाए हुए हैं यही कारण है कि विभाग के ही फॉरेस्टर व गार्ड को योजना का प्राक्कलन क्या है यह भी पता नहीं है । पौधारोपण हो या चेकडैम इत्यादि योजना का काम जैसे तैसे कराकर योजना की 50 फीसदी राशि घपला कर ली जा रही है। जंगल बचाओ अभियान समिति, गुमला रेंज एरिया इकाई द्वारा गुमला वन विभाग के समक्ष 14 दिसंबर 2023 को आयोजित रोषपूर्ण प्रदर्शन में वन विभाग की योजनाओं में चल रही प्राक्कलन को छुपा कर गड़बड़ घोटाले के विरुद्ध जोरदार आवाज बुलंद की जाएगी और इस मामले को लेकर 8 दिसंबर 2023 को वन संरक्षक गुमला से भी मुलाकात की जाएगी।

# बारिश के बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, पहुंचे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** झमाझम बारिश के बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत घाघरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नोडल पदाधिकारी सह एसडीओ राजीव नीरज उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। एसडीओ ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिया। शिविर में अबुआ आवास के 339 आवेदन प्राप्त हुआ वहीं विरसा कुप में 17 आवेदन, अंचल में 29 आवेदन, मनरेगा में 40 आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 36 आवेदन, सर्वजन पेंशन में 34, पशुधन में 64, सावित्री बाई फुले में 36, केसीसी के लिए 29 सहित कुल 1398 आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं 40




लोगों को धोती साड़ी लुंगी, 80 वृद्ध असहाय के बीच कंबल व महिला समुहों को नौ लाख का सीसीएल वितरण सहित कई विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। किया गया। रुक रुक कर है रही बारिश के कारण घाघरा पंचायत भवन के बैठक कक्ष सहित सभी कमरों में शिविर का आयोजन किया गया था। गुरुवार को अहले सुबह से ही पुरे प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने के बावजूद भारी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए शिविर स्थल पहुंचे।

मौके पर प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, मुखिया इंद्रपाल उरांव, बैबुल अंसारी, कैप्टन लोहरा उरांव, शशिकांत साहु, सहित सभी विभागों के कर्मी, कई जनप्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसपी से गुहार लगाने पहुंची वृद्ध महिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** सिसई थाना छेत्र के नगर दसई टोली गांव की रहने वाली 76 वर्षीय वृद्ध महिला घसनी देवी को डायन बिसाही कहकर प्रताड़ित किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद वृद्ध महिला काफी डरी सहमी हुई है। बुधबार को महिला न्याय की मांग को लेकर लाठी के सहारे एसपी से मिलने पहुँची थी। साथ ही एसपी को लिखित आवेदन देकर उसे प्रताड़ित करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिये आवेदन में घसनी ने कहा है कि गांव के ही रितपाल मुंडा,उसका भाई मंगल मुंडा, गंदुर मुंडा, मंगरु मुंडा वर्ष 2017 से ही डायन



बिसाही का आरोप लगाकर व पंचायती कर प्रताड़ित करते आ रहे है। साथ ही वे लोग मारपीट भी करते है। उससे गांव में रहने के एवज में रंगदारी की भी मांग की जाती है।

# योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खराब मौसम होने के बाद भी इस कार्यक्रम में ग्रामीण की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में जिला अपर समाहार्ता सुधीर कुमार गुप्ता व चैनपुर बीडीओ शिशिर कुमार सिंह के द्वारा अबुवा आवास, मनरेगा कृषि एवम पशुपलन सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुयाना किया गया। वही ग्रामीणों के समक्ष परिसंपत्ति का वितरण किया गया।



अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल में लगाए गए स्लॉट में आप अपने जरूरत के अनुसार आवेदन दे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह के द्वारा ग्रामीणों से अपिल किया गया की विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं का लाभ उठाये। झारखंड सरकार आप लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए यह योजना चल रही है। वही स्लॉट में आए कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया।

जिप सदस्य मेरी लकड़ा व चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि सरकार का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित हो रहा है इस योजना से झारखंड का अंतिम व्यक्ति भी राज्य सरकार से जुड़ रही है। लोगों को लगातार इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कुआं में गिरा, मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** बेलगड़ा गांव में कुँवा में गिरकर बेलगड़ा निवासी एतवा उराव की मौत हो गई। वही गुरुवार को घाघरा पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया बुधवार को गांव में जतरा था, जहां एतवा गया था। वह नशे में घर आया था वही पुनः बुधवार को दोपहर 3:00 बजे वह फिर घर से निकला इसके बाद वह शाम में नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गई जिसके बाद भी उसका पता नहीं चल सका। वहीं गुरुवार की सुबह खोजने के क्रम में कुआं में भी देखा गया तो उसका सॉल पानी के ऊपर उपल रहा था। जिसके बाद झागर की मदद से देखा गया। तो एतवा का शव दिखा। वह नशे के हालात में कुआं में गिर गया हो जिससे उसकी मृत्यु हो गई होगी। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई या पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

# बिरसा मुंडा केंद्रीय पुस्तकालय के लिए अर्थ दान की अपील

**बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए पुस्तकालय के सही संचालन हेतु दान करने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिरसा मुंडा केंद्रीय पुस्तकालय के सचिव हिमांशु आनंद केशरी ने प्रेस के माध्यम से गुमला के सभी नगरवासियों एवं प्रबुद्धजनों से अपील की है की गुमला में उपायुक्त तथा अपर समाहरता महोदय सुधीर गुप्ता जी के अथक प्रयास से कचहरी परिसर में बिरसा मुंडा केंद्रीय पुस्तकालय सभी छात्र छात्राओं के लिए एवं नगर भवन से पहले सावित्रीफुले बाई पुस्तकालय जो सिर्फ छात्रा बहनों के लिए खुल चुकी है। वहाँ पठन पाठन का भी कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। वहाँ जरूरत के हिसाब से सभी तरह की पुस्तक, एवं अन्य संसाधन उपलब्ध करवा दिये गये हैं। उन्होने सभी से अपील की है की पुस्तकालय हेतु सभी अपने हिसाब से विद्यादान हेतु कुछ भी अर्थ दान जरूर करें जिससे नगर क्षेत्र में रह रहे छात्र छात्राओं को पुस्तकालय में और भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने सभी विद्यालयों एवं अभिभावकों से भी पुस्तकालय में छात्रों की संख्या बढ़ाने की भी अपील की है।

उन्होने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि क्षेत्र के बच्चों का भविष्य संवारने हेतु हमलोगों को योगदान करने का मौका मिला है।पुस्तकालय में सभी तरह के प्रतियोगिता से सम्बंधित पुस्तक उपलब्ध है।बहुत न्यूनतम शुल्क पर बच्चे पुस्तकालय में अध्यन कर सकते हैं।हम सबको मिलकर क्षेत्र के बच्चों को पुस्तकालय का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करना होगा।साथ ही पुस्तकालय संचालन के लिए धनोपार्जन की भी आवश्यकता है। बच्चों को पुस्तकालय में सभी सुविधा देने की आवश्यकता है। उन्होंने गुमला वासियों से बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए पुस्तकालय के सही संचालन हेतु दान करने की अपील की है।

दान करने हेतु उन्होंने पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष अमित एक्का, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह सिसई रोड, साथ ही गुमला में मेन रोड स्थित इंडियन बैंक जिसका खाता नंबर 7604848310 आइएफएससी कोड IDBI000G089 है उसमें भी दान दे सकते हैं।

# महिला समूह के बीच 9 लाख का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को देवाकी पंचायत सचिवालय में किया गया। कार्यक्रम में आईटीडीए डायरेक्टर इंदु गुप्ता, बीडीओ दिनेश कुमार, प्रमुख सविता देवी व मुखिया फूलमानी देवी मौजूद रहे। इस दौरान परिसंपत्ति का वितरण किया गया। तीन महिला समूह को 9 लाख रुपया, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन का पीपीओ कार्ड व गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही अबूवा आवास, मनरेगा, कृषि विभाग व कल्याण विभाग सहित कई विभाग के द्वारा स्टोल लगाया गया था। जहां ग्रामीणों ने समस्या से संबंधित आवेदन सौपा। इस दौरान बीडियो ने सभी कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी आवेदन प्राप्त हुए है सभी पर त्वरित कार्रवाई करते



हुए योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना को जन जन तक पहुंचना है। इस मौके पर मुख्य प्रमुख सविता देवी, मुखिया फूलमानी देवी, नारायण उरांव, कृष्णा लोहार, विशाल बड़ाईक, बिरसाई उरांव, विवेक कुमार, संजय पांडे, विकास गुप्ता, शीतल सिंह व सौरभ सेन सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे ।

# शिक्षा देने के नाम पर हो रहा व्यवसाय

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** झारखंड नवनिर्माण दल ने गुमला में हो रही प्राइवेट स्कूलों द्वारा शिक्षा का व्यवसायीकरण पर कार्रवाई की मांग को लेकर 11 दिसंबर 2023 को गुमला उपायुक्त से मिलने की योजना बनाई है। वहीं दल के प्रतिनिधिमंडल द्वारा निजी स्कूलों में शिक्षा अधिकार अधिनियम का पालन हो रहा है कि नही इसकी जांच की मांग उपायुक्त से की जाएगी। साथ ही स्टार डीपीएस स्कूल प्रबंधन गुमला द्वारा फीस नहीं दिए जाने का आरोप लगाकर छात्र तथा अभिभावक को प्रताड़ित करने संबंधी मामले पर जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की भी मांग की जाएगी ।

# मिचौंग सायक्लोन से किसानों की तबाही, सरकार से मदद की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिचौग सायक्लोन के चलते लगातार तीन दिनों की वर्षा से किसान बर्बाद के कगार पर, सिमडेगा जिला में सबसे ज्यादा साइक्लोन का असर दिख रहा है। इससे होने वाले नुकसान को लेकर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने चिंता जताई है। उन्होने कहा कि मिचौग सायक्लोन से सिमडेगा साहित गुमला लोहरदगा भी प्रभावित हो रहा है। लगभग 90 से 95 प्रतिशत धान की बबार्दी हो चुकी है। खालियान और खेतों



पर वर्षा से धान गलने के कगार पर है। इस भयंकर आपदा के बाद किसानों की उम्मीद सरकार पर टिकी हुई है। इस क्षेत्र में छोटे और मंझौल किसानो की ही खेती है किसानों को उचित मुआवजा समय पर नहीं दिया जाता है तो पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा सरकार इस पर जल्द से जल्द उचित कदम उठाए क्योंकि अधिकांश किसान आदिवासी एवं दलित हैं इनका एकमात्र जीविका का साधन है यहां के किसान एक ही फसल सिर्फ धान की ही खेती पर निर्भर हैं बाकी समय मजदूरी या दूसरे राज्यों में काम की तलाश में पलायन कर जाते हैं सरकार इसको गंभीरता से ले और इसकी विभाग की तरफ से सर्वे का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करें और सहायता पहुंचते हुए किसान लोन को भी माफ करें जैसा कि ज्ञात है कि आगामी 11 दिसंबर को अन्य मंत्री के अलावा झारखंड के कृषि मंत्री श्री बादल पत्र लेख जी का भी सिमडेगा आगमन हो रहा है उनको भी किसान की क्षति के बारे में पार्टी , संगठन एवं सिमडेगा के माननीय विधायक श्री भूषण बाड़ा के द्वारा उचित कदम उठाने ते हुए जानकारी दी जाएगी ताकि किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

# बहन के प्रेमी को गोली मारने के आरोपी को जेल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** सिसई थाना क्षेत्र के सोगड़ा गांव निवासी विकास साहु ने अपने बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर सोमवार की देर शाम को गांव के ही बहन के प्रेमी कुनील साहु को उसके घर मे घुस कर गोली मार दिया था। गोली मारकर भाग रहे विकास को आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों की सहयोग से पकड़कर जमकर पीटा था। जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। गंभीर स्थिति में घायलों को रिम्स रेफर किया गया था। विकास को इलाज के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सेविका दिल्ली रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** दिल्ली जंतर मंतर में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के कई मांगों को लेकर आगामी 11 दिसंबर को धरना प्रदर्शन में शामिल होने घाघरा प्रखंड के 42 आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका गुरुवार को रवाना हुई। इस क्रम सेविका और सहायिका ने बताया कि अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में घाघरा प्रखंड से 42 लोग शामिल होने आज दिल्ली निकल रहे हैं। दिल्ली जाने वाली सेविका



सहायिका सावित्री कुजुर, नोरबेरत एक्का, सुरजी ऐक्का, सुमित्रा, नैना जिरमिना, उर्मिला, पुनम, किरण, पंचमनिया, पुष्पा, अनिता, सुभाद्रा, चाजरेंग, मुनी व कई सेविका सहायिका शामिल थे।

## पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत नवदंपति व बारातियों को पौधा देकर की विदाई

# पर्यावरण धर्म को नहीं अपनाया तो आने वाली पीढ़ियां हो जायेंगी दिव्यांग: कौशल जायसवाल

**परिवार को स्वस्थ रखने उनके संख्या के अनुकूल करना होगा पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता


नव दंपत्ति को विदेशी मूल का आम का पौधा भेंट करते पर्यावरणविद कौशल।


**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सोनभद्र जिले के विंढमगंज रघुवर लॉज में आयोजित शादी समारोह में शामिल सभी बारातियों एवं नवदंपति को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। पलामू जिले के छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार निवासी रघुनाथ प्रसाद जायसवाल के पुत्र आलोक कुमार जायसवाल एवं विंधमगंज के महेंद्र जायसवाल की पुत्री सत्य जायसवाल की शादी विंढमगंज के रघुवर लॉज में बुधवार को संपन्न हुई। पर्यावरणविद ने आशीर्वाद स्वरुप सभी बारातियों व वर-वधू को थाईलैंड प्रजाति के बराहमासी आम का पौधा देकर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुख सुविधाओं का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। कहा कि शिव के समान वृक्ष और ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान पौधे होते हैं। जिससे धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवों रक्षा होगी। पर्यावरणविद ने कहा कि पौधे पृथ्वी पर साक्षात देव है जिनकी पूजा सदियों से होते आ रहा है। समारोह में कंचन देवी, मधु देवी, पंडित शंभू मिश्रा, नंदलाल तिवारी, योगेंद्र प्रसाद, रघुवंश प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, गिरीश कुमा रविंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, रामजी प्रसाद, सुमित कुमार, अमन कुमार, लखन प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सूरज, गोकुल राज, दीपक, प्रिंस जायसवाल, मृत्युंजय विश्वकर्मा, सयदेव प्रसाद, विजय यादव, रजनी, रिंकी, ललिता, पिंकी, स्वीटी, लवली, गुड्डी, धर्मदेव यादव, सरोज कुमार, अजीत जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, प्राचीन जायसवाल, नंदू प्रजापति, सविता देवी, नुनी और रानी आदि शामिल थी।

# 15 करोड़ से बनेगी मोहम्मदगंज की चार सड़कें : कमलेश सिंह

**मोहम्मदगंज की चार सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** चीर प्रतीक्षित हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक पथ के अलावा मोहम्मदगंज प्रखंड की अन्य तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक- एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। बताया कि 80 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 20 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों की स्वीकृति मिली है उसमें हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बटउवा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बरदंडा स्कूल भाया कावलपुरा करारिया गोराडीह रोड तक व बीटी रोड भली से मोहम्मदगंज पथ वाया बेगमपुरा तक का पथ शामिल है। विधायक ने कहा कि स्वीकृत सभी


विधायक कमलेश कुमार सिंह।

सड़कों की शीघ्र निविदा निकलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इन सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च आयेंगे। जो लोग विकास को लेकर सवाल उठा रहे हैं उन्हें पीछे के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का भी आकलन करना चाहिए। क्षेत्र में कहीं कोई समस्या है तो वहां का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दें। उसका समाधान सम्मान के साथ किया जाएगा।

# दहेज की बली चढ़ी एक और बेटी

## सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत केरपा गांव के बेलाल खान की 23 वर्षीय पुत्री साबरीन खातून की हत्या पलामू जिले के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव स्थित ससुराल में बुधवार की रात कर दी गई। ससुराल वालों ने साबरीन खातून के मायके में रात 11 बजे फोन कर सूचना दी कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। खबर मिलते ही पिता बेलाल खान, भाई हाफिज अफगान खान व अन्य बलडीहरी गांव पहुंचे। उन्होंने घर का दरवाजा खुलवाया मगर किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने हैदरनगर थाना को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेने के बाद जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। विवाहिता के पिता बेलाल खान ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में अपनी पुत्री साबरीन खातून की शादी हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी नफीस खान के पुत्र शाहबाज खान के साथ की थी। शादी के समय जितना संभव था, दहेज देकर बेटी को विदा किया था। बाद में दामाद शाहबाज खान ने सऊदी जाने के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए देकर उसे सऊदी अरब भेजा था। पर वह छह महीने में ही वापस लौट गया। पुनः उसे पैसा देकर विदेश भेजा। इस बीच ससुर, सास व देवर लगातार सबरीन को प्रताड़ित और मारपीट करते थे। पति भी फोन पर गाली गलौज करता था। दो बार इस मामले को लेकर पंचायती भी हुई थी। मगर ससुराल के लोगों में कोई सुधार नहीं हुआ। साबरीन के दो पुत्र हैं। एक बेटे ने बताया कि उसकी मम्मी को दादा ने मारा है। मृतिका के पिता बेलाल खान ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे साबरीन खातून के ससुर नफीस खान ने फोन कर बताया कि साबरीन की तबियत ज्यादा खराब है। रात में ही सबरीन के पिता, भाई और मां बलडीहरी गांव पहुंचे तो घर के लोगों ने दरवाजा नहीं खोला। दूसरे के बरामदे में रात गुजारने के बाद हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। गुरुवार की सुबह प्रशासन ने दरवाजा खुलवाया तो साबरीन का शव दिखा। उसके गले में निशान पाये गये हैं। पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल के लोगों ने उनकी पुत्री का गला दबा कर हत्या की है। उन्होंने हैदरनगर थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

# पं धीरेंद्र शास्त्री का पलामू में कार्यक्रम को लेकर हाइकोर्ट में फ्रेश रिट याचिका दायर

**दायर की गई पुरानी याचिका को लिया गया वापस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का प्रस्तावित कार्यक्रम अगले वर्ष 10 से 15 फरवरी के बीच में निर्धारित किया गया है। पलामू डीसी द्वारा इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने के कारण का हवाला देते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। इसके बाद हनुमंत कथा आयोजन समिति ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी।



कार्यक्रम की संयोजक नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि उस पुरानी याचिका को वापस लेते हुए हाईकोर्ट में फ्रेश रेट याचिका दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का प्रस्तावित कार्यक्रम अब अगले वर्ष 2024 में 10 से 15 फरवरी के बीच निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैती भूमि पर होगी। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। पुराना कार्यक्रम स्थल जोड़ के खनवां में अमानत नदी के किनारे था वहां पर डीसी ने इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने की बात को लेकर कार्यक्रम रद्द कर दिया था। लेकिन अब कार्यक्रम का जो नया स्थल है वह चैनपुर के ओड़नार में रैती भूमि पर चयनित किया गया है। वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है। कार्यक्रम स्थल डाल्टेनगंज शहर से 20 किलोमीटर दूर है। इस कार्यक्रम को लेकर पिछली सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पालमू डीसी ने कई कारण बताते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इसलिए वह मामले में संशोधन पिटीशन दाखिल करना चाहते हैं। इसलिए समय दिया जाए। इसके बाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने प्रार्थी को समय प्रदान किया था। मालूम हो कि पहले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पालमू कार्यक्रम अमानत नदी के किनारे जोड़कर के खनवा में 10 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक प्रस्तावित था। प्रार्थी ने इस कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला प्रशासन से उचित आदेश देने का आग्रह किया था।

## स्पोर्ट्स



जोरार शहीद बिरसा क्लब की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफई फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गए रोमांचक मुकाबले में कांके अंश क्लब को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## चैंपियंस ट्राफी : गाड़ीहोटवार व रेल एफसी कोलकाता के बीच दूसरा सेमीफाइनल आज

# कांके अंश क्लब को हराकर फाइनल में जोरार शहीद बिरसा क्लब

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** जोरार शहीद बिरसा क्लब की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। गेतलसूद स्कूल मैदान में गुरुवार को खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में जोरार ने अंश क्लब कांके को 2-1 से हराया। बारिश के कारण खिलाड़ियों को गेंद को नियंत्रण करने में परेशानी हो रही थी। 23वें मिनट में जोरार के विकास नायक ने शानदार गोल दागा। मध्यांतर तक जोरार 1-0 गोल से आगे रही। दूसरे हाफ में जोरार के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। 57वें मिनट में जोरार के फूलचंद महली ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। 60वें मिनट में कांके के कप्तान विशाल ने गोल किया। पूरे मैच में जोरार के सुनील लोहार ने शानदार खेल दिखाया। जोरार के सुनील लोहार को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि जशपुरिया ग्रुप के संस्थापक जैलेंद्र कुमार ने प्रदान की। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि बारिश के बावजूद दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। फुटबाल के प्रति खिलाड़ियों व दर्शकों का यही जुनून इस खेल को लगातार आगे बढ़ा रहा है। शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल गाड़ीहोटवार व रेल एफसी कोलकाता के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, संतोष सिन्हा, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, बिगेश्वर महतो, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, गौरीशंकर मुण्डा आदि मौजूद थे।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मिले पलामू सांसद

## वंदे भारत को रांची भाया गढ़वा रोड़ चलाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात कर प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, कोविड-19 के दौरान बंद बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का परिचालन जारी रखने एवं पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एल एच एस बनाने का अनुरोध किया। सांसद ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक अथवा टाटानगर-पुरूलिया-मुरी-गया वराणसी तक चलाने के लिए रूट का सर्वे किया जा रहा है। इसके बाद रेलवे मंत्रालय द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि किस रूट पर वन्दे भारत ट्रेन को चलाया जाय। सांसद ने कहा कि प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को यदि जपला होकर चलाया जाता है तो इस रूट पर यात्री भी मिलेगें। इस रूट पर वाराणसी के लिए गाड़ी भी कम है और जो गाड़ियां हैं भी पूरी तरह से भरी जाती है। इतना ही नहीं इस रूट पर पड़ने वाले चारों जिले लोहरदगा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की आदरणीय प्रधानमंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना भी है। उन्होंने मांग किया कि प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलायी जाय। इसके अलावा जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात दिलाने के लिए कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन प्रारंभ नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने की मांग की गयी है। रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की मांग की गयी है।

रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग काफी दिनों से की जा रही है। उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रांची वाया चोपन-चुनार होते हुए नई दिल्ली तक जाती है। विदित हो कि धनबाद रेलमंडल के अंतर्गत गढ़वा रोड चोपन रेल खंड पर स्थित नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) झारखंड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां श्री राधा-कृष्ण की 32 मन की अद्वितीय स्वर्ण प्रतिमा विराजमान है। एसी प्रतिमा पूरी दुनिया में कहीं नहीं है, लिहाजा यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुगण दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु श्री बंशीधर नगर को दूसरा मथुरा और वृंदावन मानते हैं। ऐसे नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर उक्त ट्रेन की ठहराव की आवश्यकता है।

### कई ट्रेने रहेंगी रद्द

हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंढ के मौसम में रेलवे द्वारा कोहरे के कारण चार दिसंबर से एक मार्च 2024 तक परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया है। देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज के लिए आने जाने के लिए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सर्वोत्तम साधन है। सांसद ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों बिन लोग वाले रेलवे फाटनों को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये हैं। इससे वहां के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर सब-वे बनाने से जनता को कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी। सांसद के उपरोक्त मांगों पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड द्वारा यथाशीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है।

# सरकार आपके द्वार शिविर में आये 128202 आवेदन

**- मौके पर ही 6089 आवेदनों का हुआ निष्पादन**

**- शिविरों में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर छात्राओं में उत्साह, अबुआ आवास के स्टॉल पर भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभाविंद किया जा रहा है। इसी क्रम में अबतक जिले के पंचायतों में शिविर लगाया गया है। जिसमें अबतक कुल 1,28,202 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 6089 का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण, तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति, किसी को जॉब कार्ड, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी के तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभाविंत किया गया। शिविरों में अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर उत्साहपूर्वक लोग आवेदन करते नजर आये। वहीं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए कई स्टूडेंट्स द्वारा आवेदन किया जा रहा है जिसका स्टॉल पर ऑनलाइन एंट्री भी किया जा रहा है।

# हाइवा-बाइक की टक्कर में चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के कौवाखोह सतभूरवा नहर पुल के समीप एनएच-98 फोरलेन पर गुरुवार को हाइवा और बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक सवार एक अन्य युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार (26) के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान लवकुश पांडेय (30) के रूप में हुई है। दोनों पाटन थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के रहने वाले हैं। दोनों रिश्ते में साढू हैं। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक पर सवार होकर बिहार के अम्बा, चिल्की गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर हाईवे से बाइक की टक्कर हो गयी। जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, चालक प्रिंस कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। चालक बिना हेलमेट के वाहन चला रहा था। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल हाईवे को जब्त कर लिया गया है।

# बेमौसम बारिश से किसान परेशान, धान फसल को नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि लगातार दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से धान की फसल को बहुत क्षति हो रही है। धान फसल पक कर तैयार है। अधिकांश जगह कटाई शुरू हो चुकी है। कटे हुए धान के पौधे खेतो में पड़े हैं। ऐसी स्थिति में एकाएक मौसम बिगड़ने से क्षेत्र के किसान परेशान और मायूस हो गए हैं। क्षेत्र के किसान कभी सुखाड़ तो कभी अति वृष्टि के कारण लगातार भारी नुकसान का खामियाजा भुगत रहे हैं। झारखंड सरकार भी किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही। सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाएं सिर्फ अखबार के पन्ने पर ही दिखाई देती है। बेमौसम बारिश से जन जीवन एवं मवेशियों को भारी नुकसान होने की संभावना है। सरकार से मांग की कि किसानों के फसल के नुकसान का आकलन कराकर उचित मुआवजा राशि का भुगतान करें।

**परेशानी :** आज से मौसम से साफ होने की उम्मीद, कल से बढ़ेगी ठिठुरन-ठंड

# बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त कोयला खनन पर भी पड़ा असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बंगाल की खाड़ी में आये तूफान मिचौंग का धनबाद कोयलंचल पर भी असर पड़ा है। विगत दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश से पूरे जिले में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुरुवार को भी आसमान में बादल छाए रहे और पूरे दिन बारिश होती रही। गुरुवार रात या शुक्रवार सुबह तक चक्रवात के कमजोर पड़ने की उम्मीद है। हालांकि शुक्रवार को भी बादल छाए रह सकते हैं। पर बारिश की संभावना नहीं के बराबर है। शनिवार से मौसम साफ होने का अनुमान है। इससे पूरब से आनेवाली हवा शांत हो जाएगी और उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ेगा। उत्तर से आनेवाली हवा अपने साथ हिमालय से ठंड लेकर आएगी। सर्द हवा चलने व आसमान साफ होने पर रात के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। रविवार रात से ठंड बढ़ने की संभावना है।



बारिश में भी अपने कर्मस्थान को जाती युवतियां।



लगातार बारिश के चलते कोयला खनन स्थल से उठता धूआं।

## लगातार बारिश ने कोयला खनन पर भी डाला असर

लगातार दो दिन हुई बारिश से धनबाद जिले में अवस्थित बीसीसीएल की ओपनकास्ट खदानों में भी असर देखने को मिला। कहीं खदानों में उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया तो कहीं कम खनन कार्य हुआ। बारिश की वजह से कनकनी कोलियरी का उत्पादन ठप रहा। कोयले के डिस्पैच पर भी असर पड़ा है। आउटसोर्सिंग कंपनी के माइंस में चलने वाले वाहनों के पहिए पर ब्रेक लग गया है। उत्पादन ठप होने से बीसीसीएल के साथ आउटसोर्सिंग कंपनी को काफी नुकसान पहुंच रहा है। यह उत्खनन परियोजना अग्नि प्रभावित है। हल्की बारिश होते ही गैस व धुंआ से खनन स्थल भर जाता है। कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता हैं। लगातार बारिश से फिसलन भी बढ़ गया है। माइंस में दुर्घटना की आशंकाओं को देखते हुए आउटसोर्सिंग कंपनी ने अपनी सारी मशीनें और वाहन खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा कि कनकनी में दो आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप राइज और राम अवतार कंपनी परियोजना चालाती है। लेकिन रात अवतार अन्य करण से पहले से ही काम पूरी तरफ ठप है।

### पारा पहुंचा 17 डिग्री पर

कई दिनों से धूप न खिलने और लगातार हो रही बारिश से तापमान में अचानक से गिरावट दर्ज की गयी है।गुरुवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज की गई।शुक्रवार से अधिकतम तापमान में पांच से छह डिग्री तक बढ़ोतरी का अनुमान है। उसके बाद अधिकतम तापमान 24-25 डिग्री के बीच बना रहेगा। न्यूनतम तापमान में रविवार से गिरावट आ जाएगी। 17 से लुढ़क कर 12 डिग्री पर पहुंचेगा जिससे शाम ढलने पर ठंड असर दिखाएगी।

### बारिश से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

लगातार हो रही बारिश के बीच रिमझिम फुहारों के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।। लोग घरों से सिर्फ जरूरी कामों को लेकर ही निकले। गुरुवार होने से ज्यादातर दुकानें बंद रहती हैं। पर जो दुकानें खुलती हैं, वो भी बंद रहीं। भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी गिनती के लोग ही दिखे। स्कूल-कालेज में भी चहल-पहल कम रही। जो घरों से निकले तो बारिश से बचने के लिए पूरी व्यवस्था लेकर निकले।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचे सेल अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौटे



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो पहुंचे सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश अपने दो दिवसीय दौरे को समाप्त कर गुरुवार को वापस लौट गए। बोकारो से विदा होने से पूर्व सीआईएसएफ, बीएसएल इकाई द्वारा उन्हें बोकारो निवास में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बोकारो दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को सेल अध्यक्ष ने बीएसएल के सेक्टर 09 में स्थापित किए गए प्रज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। उनके साथ निदेशक प्रभारी आरएसपी एवं बीएसएल अतानु भौमिक, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, बोकारो एसपी ए प्रियदर्शी, बीएसएल के अधिशासी, मुख्य महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सेल अध्यक्ष ने प्रज्ञान केंद्र में अवस्थित क्षमता और योग्यता निर्माण केंद्र (सीसीबीसी) एवं आईआई टी/आई एसएम, धनबाद के सहयोह से बोकारो के परिक्षेत्रीय गांव की महिलाओं के लिए आजीविका/स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया। वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोगों से मुलाकात की। बीएसएल के सीएसआर और डालमिया सीमेंट द्वारा संयुक्त रूप से सेक्टर 01 में संचालित दीक्षा केंद्र का भी उद्घाटन किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा सेल अध्यक्ष ने बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोशिएशन के सदस्यों और सेल एससी/ एसटी प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

## ऐना में अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी, रामगढ़ गया था पूरा परिवार



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के ऐना कोठी में बुधवार की रात चोरों ने अधिवक्ता महेंद्र गोप के घर का ताला तोड़कर आभूषण व नगद सहित आठ लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित ने झरिया थाने में शिकायत की है। घटना की सूचना पाकर पुलिस पीड़ित के घर पहुंच मामले की जानकारी ली। महेंद्र का कहना है कि बुधवार की सुबह एक कार्यक्रम में भाग लेने वह अपने ससुराल रामगढ़ के कुजू गये थे। गुरुवार की सुबह 10 बजे घर पहुंचे तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर गया तो देखा कि दोनों कमरे का सिटकनी और ताला भी टूटा है और एक कमरे में रखे आलमारी तोड़कर उसमें रखे सोने का मनटीका, मंगलसूत्र, गले की चेन, कान की बाली सहित सात लाख के आभूषण चोरी कर ली। साथ ही एक एलईडी टीवी और 35 हजार रुपये भी चोरी कर ली। संदेह के आधार पर पुलिस ने स्थानीय चार युवकों की तलाश कर रही है। दो दिन पूर्व भी विजय सिंह व एक अन्य व्यक्ति के घर का भी चोरों ने ताला तोड़ा था। लगातार इस तरह की घटना घटने से स्थानीय लोगों मे आक्रोश है।

## धनबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए बीसीसीएल देगी 30 बाइक

### जिला प्रशासन व बीसीसीएल के बीच छह योजनाओं के लिए एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला प्रशासन एवं बीसीसीएल के बीच गुरुवार को डीसी के आवासीय कार्यालय में सीएसआर मद से प्रदान 3.21 करोड़ रुपए की 6 योजनाओं के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसमें धनबाद पुलिस को बेहतर पेट्रोलिंग के लिए 45 लाख रुपये की लागत के 30 बाइक, स्कूली छात्रों के करियर काउंसलिंग व टॉक सीरीज का आयोजन के लिए 25 लाख, साइंस कॉन्क्लेव के लिए 50 लाख, दिव्यांगजनों को 20 मोडिफाइड स्कूटी प्रदान करने के लिए 26 लाख, 60 छात्रों को यूपीएससी कोचिंग सेंटर के लिए 75 लाख एवं मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में फ्लड लाइट लगाने के लिए एक करोड रुपए का एमओयू हुआ है। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद डीसी वरुण रंजन ने संबंधित पदाधिकारी को कार्य के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, बीसीसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) दिलीप कुमार बेहरा, प्रबंधक (कार्मिक) नीलांजना, प्रबंधक (सिविल) प्रशांत जायसवाल मौजूद थे।

## सुखदेव सिंह के एकता के पाठ की धमक सदियों तक रहेगी : मृगेंद्र प्रताप

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** महाराणा प्रताप विचार मंच की ओर से हाल ही में राजस्थान में करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या किए जाने की महाराणा प्रताप विचार मंच ने निंदा की है। मंच के निवर्तमान अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को अखिल भारतीय पहचान दिलाने वाले सुखदेव सिंह जी को वर्षों तक क्षत्रिय समाज याद रखेगा। समाज में एकता का पाठ जो उन्होंने पढ़ाया उसकी धमक सदियों तक रहेगी।

### वार्ड 34 में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## शिविर में आये कुल 678 आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर 34 के विक्ट्री सामुदायिक भवन में गुरुवार को शिविर लगाया गया। जिसमें चांदमारी, विक्ट्री, बस्ताकोला, अनुग्रह नगर, जोड़ाफाटक के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। लगातार बारिश के बाद भी लोग समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे। यहां आंगनबाड़ी की ओर से पोषाहार, आधार कार्ड सुधार, हेल्थ कार्ड, स्वास्थ्य व आंख चेक अप, राशन कार्ड, विधवा व वृद्धा पेंशन, नाली सफाई, कचरे का अंबार, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना व जमीन संबंधी स्टाल लगाए गए थे। लोगों ने अपना-अपना आवेदन संबंधित विभाग में जमा किया। इस असर पर सहायक नगर आयुक्त मौजूद थे। आवेदन लेकर आए लोगों में इस बात की नाराजगी थी कि अगली बार लगे शिविर में आवेदन देने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका था। लोगों ने बताया कि इस बार बहुत उम्मीद लेकर आये हैं कि समस्या का समाधान होगा। शिविर में कुल 678 आवेदन दिए गए। जिसमें सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड के लिए 163 आवेदन जमा हुए। चांदमारी मांझी बस्ती की 55 वर्षीय आदिवासी विधवा महिला पिंकी मंझियाइन विधवा पेंशन व राशन कार्ड के लिए फार्म भरने आई थी। उन्होंने बताया कि पति शिबू मांझी की मौत पहले कोरोना काल के दौरान हो गई थी। तब से वह कई बार विधवा पेंशन के लिए फार्म भर रही है पर इसका लाभ अब तक नहीं पाया है। उनके साथ आई 65 वर्षीय सावित्री देवी का भी कहना है कि वह कई साल से वृद्धा पेंशन के लिए परेशान हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूंटी

### ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या&MID/KHUNTI/F$_2$-20/2023-24 दिनांक–06.12.2023

कार्य का नामः–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मारंगहादा स्थित उच्च विद्यालय मारंगहादा में 02 अदद अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य | खूँटी | खूँटी | 20.982 | 0.05 | 120 दिन |
| 2. | (a)–सुन्दारी पंचायत अन्तर्गत ग्राम सुन्दारी में कुसुम मोड़ से टंगराटोली तक 600 फीट पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य (b)–ब्लॉक गेट से गोदाम तक 560 फीट पी.सी.सी. पथ का निर्माण कार्य | खूँटी | तोरपा | 19.13219 | 0.05 | 60 दिन |
| 3. | हुसीर पंचायत अन्तर्गत हुसीर स्कूल से बुरू टोली तक 940 फीट पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य | खूँटी | तोरपा | 15.29194 | 0.05 | 60 दिन |
| 4. | डुमरगढ़ी पंचायत अन्तर्गत ग्राम मानपुर से बिरदा जाने वाले पथ में 250 फीट गार्डवाल निर्माण | खूँटी | कर्रा | 19.33 | 0.05 | 60 दिन |
| 5. | ताम्बा पंचायत अन्तर्गत मुख्य पथ से उसराम ग्राम तक 660 फीट पी.सी.सी. पथ का निर्माण कार्य | खूँटी | रनियॉ | 12.381 | 0.025 | 60 दिन |
| 6. | मुरही पिपराटोली से हाड़ाम बनाम पक्की पथ तक 1550 फीट पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य | खूँटी | खूँटी | 24.47191 | 0.05 | 60 दिन |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–13.12.2023 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–19.12.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–19.12.2023 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–21.12.2023 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी/7320969093/email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है । तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 312924 Minor Irrigation(23-24)#D

प्रपत्र VII

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अर्जन निदेशालय), या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या– 1854/भू0अ0, रामगढ़, दिनांक 04/12/2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–भदवा, थाना नं0 173, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा रेलवे द्वारा उपरी पुल निर्माण परियोजना/प्रयोजन (चैनपुर) हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 3.865 एकड़ यानि 1.5641 हेक्टेयर है, और जो मौजा भदवा, थाना नं0 173, थाना माण्डू, अंचल माण्डू, जिला रामगढ़ में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 63 | 118 | रैयती | टांड II | 0.020 | उर्मिला देवी | रोड | रोड | नीज | रोड |
| 2 | 42 | 122 | रैयती | टांड II | 0.040 | लक्ष्मण साव वो आनन्द साव वगै0 | रोड | रोड | रोड | नीज |
| 3 | 42 | 122 | रैयती | टांड II | 0.040 | मैवा साव वगै0 | रोड | रोड | रोड | नीज |
| 4 | 42 | 123 | रैयती | टांड II | 0.300 | लीलवतन साव वो राम नन्दन साव वगै0 | रोड | रोड | नीज | रोड |
| 5 | 42 | 125 | रैयती | होम | 0.030 | लीलवतन साव वो राम नन्दन साव वगै0 | रोड | रोड | नीज | रोड |
| 6 | 62 | 128 | रैयती | टांड I | 0.340 | जानकी लाल गुप्ता | रोड | रोड | नीज | नीज |
| 7 | 33 | 221 | रैयती | टांड I | 0.120 | दीव्या कुमारी | रोड | रेलवे | रोड | रेलवे |
| 8 | 62 | 210 | रैयती | धान II | 0.220 | ताज मोहम्मद | रेलवे | रोड | रोड | नीज |
| 9 | 65 | 220 | रैयती | धान III | 0.240 | ताज मोहम्मद | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 10 | 64 | 219 | रैयती | धान III | 0.080 | जय नाथ साव | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 11 | 69 | 247 | रैयती | धान III | 0.570 | अजमेर खान, वी वी जुबेदा खातुन | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 12 | 35 | 246 | रैयती | धान III | 0.050 | राम नन्दन साव वगै0 | सड़क | नीज | रोड | नीज |
| 13 | 50 | 249 | रैयती | धान III | 0.330 | मेवा लाल साव वो लक्ष्मण साव वगै0 | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 14 | 52 | 255 | रैयती | धान III | 0.260 | कैला भुईया | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 15 | 34 | 257 | रैयती | धान III | 0.290 | मो0 इस्लाम वो बुधन महतो | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 16 | 34 | 260 | रैयती | धान III | 0.360 | नरेश महतो वगै0 | नीज | नीज | रोड | रोड |
| 17 | 55 | 254 | रैयती | धान III | 0.005 | भुनेष्वर साव वगै0 | रोड | नीज | रोड | रोड |
| 18 | 1 | 410 | रैयती | धान I | 0.430 | सुरेश प्रसाद वगै0 | रोड | नीज | रोड | रोड |
| 19 | 70 | 132 | रैयती | टांड II | 0.140 | बी.बी. सबनम | रोड | नीज | रोड | रोड |
| कुल | | | | | 3.865 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्व व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या– 30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 312915 Land Reforms(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/07/EE/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में बबलू यादव के घर के सामने से फुलवारी आहर मेंढ होते हुए जयलाल साव के घर तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 14,30,700.00 | 28700.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |
| 2 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में रामसहाय यादव के घर से आर0 ई0 ओ0 रोड (800 फीट) तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 16,11,400.00 | 32300.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 3 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में नवलसाही से नीमाडीह तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 10,35,300.00 | 20700.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |
| 4 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में आश्रम विद्यालय नागरीटो की चाहरदिवारी निर्माण। | 24,98,200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 5 | झुमरी तिलैया कॉमर्स कॉलेज करमा का चाहरदिवारी निर्माण। | 40,05,500.00 | 80200.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 6 | इण्डोर स्टेडियम कोडरमा कैम्पस में बास्केटबॉल, वॉलीवाल, Open Gym आदि निर्माण | 24,95,500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 7 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत नवाडी के ग्राम बाद में देवी मंदिर से रविदास टोला होते हुए श्मसान घाट तक पी0सी0सी0 एवं गार्डवाल निर्माण। | 40,72,100.00 | 81500.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 8 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत ईटाय के ग्राम ईटाय में सुधीर सिंह के घर से आशीष सिंह के घर तक गार्डवाल निर्माण। | 51,99,500.00 | 104000.00 | 10000.00 | 03 (तीन माह) |
| 9 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत मीरगंज के ग्राम मीरगंज में मुख्य सड़क कानी केन्द्र से कानीकेन्द्र गाँव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,61,500.00 | 115300.00 | 10000.00 | 03 (तीन माह) |
| 10 | प्रखंड डोमचॉच अन्तर्गत पंचायत बच्छेडीह में सतार मियॉं घर से लेकर मदीना पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,48,100.00 | 27000.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 26.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.12.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगें।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 312940 Rural Work Department(23-24)#D

# केनरा बैंक पिपिली, बड़ामाछपुर और रघुनाथपुर में 3 नयी शाखाएं खोल रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य का सबसे पसंदीदा बैंक केनरा बैंक शुक्रवार को ओड़िशा राज्य में 3 नयी शाखाएं (पिपिली, बादामाछापुर और रघुनाथपुर) शुरू करने जा रहा है। शाखाओं का उद्घाटन 08 दिसंबर, 2023 को केनरा बैंक के महाप्रबंधक जगदीश चंदर द्वारा किया जायेगा। 30 सितंबर 2023 तक, बैंक के पास 9518 शाखाओं और 10553 एटीएम मशीनों का राष्ट्रव्यापी वितरण नेटवर्क है। नयी शाखाएं विशिष्ट बैंकिंग सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करती हैं। खाता खोलना, डेबिट कार्ड, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, व्यक्तिगत चेक बुक, ई-पास शीट सुविधा, लॉकर, एसएमएस अलर्ट और खुदरा ऋण (केनरा वाहन, केनरा हाउसिंग ऋण, व्यक्तिगत ऋण, एसएमई आदि) जैसे अन्य उत्पाद। केनरा बैंक एक सदी से भी अधिक समय से भारत के बैंकिंग उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिपिली, बड़ामाछपुर और रघुनाथपुर में केनरा बैंक की उपस्थिति से हमारे स्थानीय लोगों को बढ़ावा मिलेगा। केनरा बैंक के महाप्रबंधक और राज्य प्रमुख जगदीश चंद्र ने कहा कि ओड़िशा के सभी 30 जिलों में केनरा बैंक की 270 शाखाएं और 262 एटीएम हैं, जो ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं और डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, यह ज्ञात है कि केनरा बैंक डिजिटल में अग्रणी है बैंकिंग उत्पाद और इसके विभिन्न उत्पाद हैं जैसे कि भीम ऐप, क्यूआर कोड, पीओएस मशीनें आदि। इस दिन, बैंक सभी जिला मुख्यालयों पर एमएसएमई शिविर, एसएचजी मेला और रिटेल एक्सपो के माध्यम से ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसमें बैंक एमएसएमई इकाइयों, एसएचजी इकाइयों और खुदरा ऋण ग्राहकों को वित्तीय सहायता दे रहा है।

# संबलपुर मंडल में 78वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक





**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मंडल में 78वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और हिंदी भाषा में दिन-प्रतिदिन के कार्य को बढ़ाने के लिये कुछ विचार सुझाए। इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी और अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर, आनंद सिंह ने गत तिमाही में आयोजित राजभाषा गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया और राजभाषा अधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने बैठक का समन्वय किया।

# हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे स्वास्थ्यकर्मी सरकार ने लगाया 6 महीने के लिए एस्मा

**यह निर्देश गृह विभाग की ओर से जारी किया गया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य कर्मियों को हड़ताल पर जाने की अनुमति नहीं है। स्वास्थ्य कर्मचारी अगले 6 महीने तक हड़ताल नहीं कर सकेंगे राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एस्मा लागू कर दिया है। यह नियम नर्सों, पैरामेडिक्स, तकनीशियनों और तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों पर लागू होता है। गृह विभाग की ओर से आज निर्देश जारी किये गये हैं। खबरों के मुताबिक, चुनाव नजदीक आ रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी हड़ताल पर जा सकते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवा प्रभावित होगी। ऐसी आशंका राज्य सरकार ने की है। इसके लिए पहले से ही राज्य सरकार सख्त हो गयी है। (ओड़िशा आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम) लागू किया गया। निर्देश जारी किया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा कोई भी कर्मचारी अगले 6 महीने तक विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकेगा। यह निर्देश गृह विभाग की ओर से जारी किया गया है। सरकारी अस्पताल, औषधालय, जिला मुख्यालय अस्पताल, उप-जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, नगर निगम अस्पताल, ईएसआई अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सरकार द्वारा संचालित स्वायत्त स्वास्थ्य संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थान, एएचआरसीसी, क्षेत्रीय रीढ़ की हड्डी अघात केंद्र, जेल अस्पताल, पुलिस अस्पतालों में काम करने वाले सभी नर्सों, पैरामेडिक्स, तकनीशियनों, अन्य वर्ग -3 और वर्ग -4 कर्मचारियों, लिपिक कर्मचारियों, स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन कर्मचारियों पर लागू होगा। कोई भी व्यक्ति इस तरह का कार्य नहीं करेगा कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान में बाधा डाले या आंदोलन करने के उद्देश्य से काम बंद कर दे।

सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों और मरीजों के इलाज में कोई दिक्कत न हो। अधिसूचना में कहा गया है कि एस्मा अगले छह महीने तक लागू रहेगा।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि में '21वीं सदी में महिलाएं: पर्यावरण और सतत विकास' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सुनाबेडा परिसर में 21वीं सदी में महिलाएं: पर्यावरण और सतत विकास पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। सम्मेलन का आयोजन ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग और वर्ल्ड सेंटर फॉर वुमन स्टडीज (डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता की कामना की। पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात वैज्ञानिक और तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आदित्य प्रसाद दास ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रोफेसर नरसिंह चरण पांडा, विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति, डॉ बारबरा वेजनेर्ट, अध्यक्ष, वर्ल्ड-सीडब्ल्यूएस, बफेलो विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका, प्रोफेसर बिष्णु चरण बारिक, संबलपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति; जसबीर सिंह, प्रोफेसर, जम्मू विश्वविद्यालय और उपाध्यक्ष, डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस, समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी और सेमिनार की संयोजक डॉ कपिला खेमुंडू अतिथि थीं। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रोफेसर एनसी पांडा ने वैदिक काल से भारत में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उस समय महिलाएं बेहतर शक्ति का आनंद ले रही थीं और अब हमें महिला सशक्तिकरण के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के लिए सहयोगी नेटवर्क के गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने सतत भविष्य के लिए सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। प्रोफेसर जसबीर सिंह ने समाज में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला अध्ययन केंद्रों में पुरुषों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि दोनों समाज के विकास में योगदान दे सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिलाओं को दूसरी श्रेणी के रूप में पेश किया गया है, जिसकी उन्होंने सम्मेलन में निंदा की डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया और संगोष्ठी के उद्देश्य और विश्वविद्यालय की भागीदारी के बारे में बताया। समाजशास्त्र के प्रोफेसर डॉ आदित्य केशरी मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया जबकि प्रोफेसर नुपुर पटनायक ने कार्यक्रम का समन्वय किया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जम्मू विश्वविद्यालय के डब्ल्यूसीडब्ल्यूएस की कार्यकारी सदस्य डॉ अनुपमा वोरा सहित विश्वविद्यालय और बाहर की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी भाग लिया। विश्वविद्यालय के प्रशासन और शिक्षा सलाहकार, प्रोफेसर वी.सी. जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पालिता, जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागुनाथ भोई और विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्तियों, संकाय, शोधकर्ताओं, छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस सत्र में विश्वविद्यालय के व्याख्याता डॉ देबब्रत पांडा द्वारा पारंपरिक रागी भोजन पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। सम्मेलन में विभिन्न विषयों और उप-विषयों पर लगभग 120 पेपर प्रस्तुत किए जायेंगे।

भारत और विदेश के लगभग 70 प्रतियोगी व्यक्तिगत रूप से पत्र प्रस्तुत करेंगे और बाकी प्रतियोगी ऑनलाइन सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन के उप-विषय महिलाएं, दुनिया भर में प्रकृति का पोषण, साहित्य, फिल्मों और रंगमंच में लिंग और पर्यावरण, महिला और पर्यावरण आंदोलन - नीति परिप्रेक्ष्य, महिला और सतत विकास हैं।

# पूर्व तट रेलवे ने मेरी माटी मेरा देश पर जागरूकता रैली निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा चल रहे स्काउट-गाइड शिविरों के एक भाग के रूप में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और लीडर्स द्वारा मेरी माटी मेरा देश पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों ने समाज में अनेकता में एकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों यानी आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वी ओड़िशा, पश्चिमी ओड़िशा, छत्तीसगढ़ आदि की वेशभूषा धारण की। जागरूकता रैली को चंद्रभानु नायक, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय) ने कैंपिंग क्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेरी माटी मेरा देश के नारों के साथ रैलीखोरधा रोड रेलवे स्टेशन, ट्रैफिक कॉलोनी, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, सीताराम चौक होते हुए निकाली गयी। अपर मंडल रेलवे प्रबंधक (परिचालन) और खोरधा रोड स्काउट्स और गाइड के जिला मुख्य आयुक्त कल्याण पटनायक ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन में बच्चों के प्रदर्शन को देखा और राष्ट्रीय एकता पर उनके द्वारा की गयी पहल की सराहना की। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रवि प्रकाश यादव, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) और जिला आयुक्त (स्काउट्स) अन्य अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। पूर्व तट रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स 04.12.2023 से 08.12.2023 तक जिला प्रशिक्षण परिसर, खोरधा रोड में दो राज्य स्तरीय शिविर यानी प्राथमिक चिकित्सा के लिए विशेष पाठ्यक्रम और राज्य स्तरीय अंतर जिला मानक निर्णायक परीक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों में संबलपुर, विशाखापत्तनम, खोरधा रोड, मंचेश्वर और जोनल मुख्यालय से स्काउट और गाइड भाग ले रहे हैं।

# जेएसडब्ल्यू ने खदानों में एमइएमसी सप्ताह मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आईबीएम, भुवनेश्वर के तत्वावधान में जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड की चार खदानों में 25वां खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह मनाया। एमईएमसी सप्ताह निरीक्षण जाजंग लौह अयस्क खदान, नुआगांव लौह अयस्क खदान, गनुआ लौह अयस्क खदान और नारायणपोशी लौह अयस्क खदान में आयोजित किया गया था। निरीक्षण टीमों का नेतृत्व संयोजक केसी ज्योतिषी, उत्कल अल्लुमिना इंटरनेशनल लिमिटेड के जीएम (भूविज्ञान) (जाजंग और नुआगांविरोन अयस्क खदानों के लिए) ज्ञान प्रकाश महापात्र, ओएमसी लिमिटेड के डीजीएम (गणुआ लौह अयस्क खदान के लिए) निहार रंजन मित्रा, सुकिंडा क्रोमाइट माइंस मैनेजर ने किया। टाटा स्टील लिमिटेड (नारायणपोशी लौह अयस्क खदान के लिए) ने सभी जेएसडब्ल्यू खदानों का मूल्यांकन किया। टीम ने वनीकरण, अपशिष्ट डंप प्रबंधन, शीर्ष मिट्टी प्रबंधन, पुनर्ग्रहण और पुनर्वास, उप-ग्रेड खनिजों के प्रबंधन, और अयस्क लाभकारी सुविधाओं की स्थापना और उपयोग, साथ ही निगरानी और स्थिरता में उनके प्रदर्शन के आधार पर चार खानों का मूल्यांकन किया। खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, कर्मचारियों और हितधारकों के लिए खानों का निरीक्षण, निरीक्षण और प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इन गतिविधियों में विभिन्न पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम जैसे स्लोगन, पोस्टर, वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

इन पहलों का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और खदान पर्यावरण और खनिज संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देना था।

# झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी : लक्ष्मण सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**तिसरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि देश में मोदी की सरकार बगैर किसी भेदभाव के चारों ओर हर क्षेत्र में विकास कर रही है और देश का मान पूरी दुनिया में बढ़ रही है। पीएम मोदी द्वारा जनकल्याण के और खास कर महिलाओं, किसानों और युवावों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। यही वजह है कि इस बार हुए राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन राज्य में भाजपा को व्यापक जीत मिली है। उक्त बातें श्री सिंह ने गुरुवार को तिसरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम गुमगी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी और यहां से झामुमों की किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दें और संगठन को मजबूत करें।

बैठक के बाद श्री सिंह ने गुमगी में बन रहे मंदिर में आर्थिक मदद की और बेहतर ढंग से मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों से कहा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, नरेश यादव, नागो यादव, संदीप शर्मा, सिकेंडर यादव, राजू विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फर्जी सिम कार्ड गिरोह का भंडाफोड़: मास्टरमाइंड पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** फर्जी सिम कार्ड गिरोह का भंडाफोड़। क्राइम ब्रांच ने फर्जी सिम कार्ड और बैंक अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड समिम इस्लाम को 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर क्राइम ब्रांच ला रहा है। यह रैकेट ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार में सक्रिय था। इस गिरोह के सदस्य लोगों के दस्तावेज लेकर बैंक खाते खुलवाकर ठगी करते थे। अपराधी बैंक खाते खोलकर पैसे का लेनदेन करता था।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**